दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। रविवार 09 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 79 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



## दिल्ली की महिलाओं के लिए वूमैन डे पर बड़ी खुशखबरी

# दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू

## महिलाओं को हर महीने मिलेगी 2500 रुपये सम्मान राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू हो गई है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह योजना लागू किए जाने का ऐलान किया है। इस साल के लिए 5100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट मीटिंग में महिला समृद्धि योजना को मंजूरी मिल चुकी है। जेपी नड्डा रजिस्ट्रेशन की तारीख का ऐलान कर सकते हैं। बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में जनता को संबोधित करते हुए रेखा गुप्ता ने कहा, मैं 1993 से संगठन से जुड़ी हुई हूं, नड्डा जी उन दिनों से हमारे अभिभावक हैं। मैं तीन बहनों और एक भाई के परिवार से हूं, लड़कियों के लिए यह मुश्किल है। जब मैंने डीयू का चुनाव लड़ा, तो मेरी मां ने कहा कि चुनाव लड़कियों के लिए नहीं हैं, लेकिन पिताजी ने मुझे प्रेरित किया। यह मेरी पार्टी है जिसने मेरा साथ दिया। मेरी पार्टी ने मुझे घर से ढूंढा और मुख्यधारा की राजनीति और समाज के लिए काम करने को कहा।

उन्होंने आगे कहा कि 33 फीसदी रिजर्वेशन देने वाली बातें बहुत लोग करते थे लेकिन वो बिल लाते थे और वहीं फाड़ दिए जाते थे। जिस नेता ने इस बात को समझा कि देश की तरक्की केवल एक वर्ग से नहीं होने वाली। मोदी जी जिस एजेंडा को महिलाओं के सम्मान में देश में चला रहे हैं, उसी तरह हम दिल्ली में चला रहे हैं।

**'काम करने की प्लानिंग हो चुकी है...' :** रेखा गुप्ता ने कहा, केंद्र सरकार के साथ हर वो काम करने की प्लानिंग हो चुका है, जो दिल्ली को और अधिक सुरक्षित और समृद्ध बनाने वाली है। पिछले 15 दिन में हमारी सरकार ने उन अनेकों योजनाओं पर चर्चा की, जो दिल्ली की बहनों के लिए बहुत जरूरी थी। पिंक पुलिस स्टेशन की संख्या बढ़ाने के लिए दिल्ली में काम किया जाएगा।

**'इस साल 5100 करोड़ का निवेश...' :** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, मैं दिल्ली में बीजेपी सरकार बनाने में उनके योगदान के लिए दिल्ली के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। ये जीत महिलाओं और यहां बैठी मातृ शक्ति के बिना संभव नहीं होगी।




### 'पीएम मोदी कहते नहीं, करके दिखाते हैं', दिल्ली की सीएम रेखा ने कहा

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार सुबह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शालीमार बाग के फोर्टिस अस्पताल में आयोजित समानता वॉकथॉन एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में शिरकत की और आज के समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी को जिक्र किया। खुद को एक साधारण परिवार से आने वाली महिला और पीएम मोदी की अपनी पिता से तुलना करते हुए सीएम गुप्ता ने कहा कि पिता के रूप में मोदी जी ने मुझ बेटी को जो सम्मान दिया है इसके लिए मैं आभारी हूं।

### क्या होगी पात्रता?

- जिन महिलाओं को यह लाभ मिलेगा उनकी उम्र 21 साल से 60 साल के बीच में होनी चाहिए, इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा।
- आवेदक को आवेदन करने से पहले कम से कम पांच साल तक दिल्ली का निवासी होना चाहिए।
- आवेदक के पास आधार नंबर होना चाहिए।
- आवेदक के पास दिल्ली में एक एकल संचालित बैंक खाता होना चाहिए, जो उनके आधार नंबर से जुड़ा हो।
- 3 लाख रुपये प्रति वर्ष तक की आय के लिए क्षेत्र के रुद्र या राजस्व विभाग के किसी अन्य अधिकृत अधिकारी से आय प्रमाण पत्र।
- 1 लाख रुपये प्रति वर्ष से कम आय के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्ड।

# महिलाओं का आशीर्वाद ही मेरा कवच

## मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति : पीएम मोदी

**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुजरात के नवसारी के वानसी-बोरसी में लखपति दीदी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया, जहां उन्होंने 1.1 लाख से अधिक महिलाओं को संबोधित किया। इसके अलावा नरेन्द्र मोदी ने में जी-सफल और जी-मैत्री सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में माता गंगा का आशीर्वाद मिले और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों के आशीर्वाद मिले। आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन... आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं।

मोदी ने कहा कि आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री, इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। मैं इसके लिए भी आप सभी को बधाई देता हूं। आज का दिन महिलाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा क आज इस दिन, मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी,



लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत महिलाओं के नेतृत्व में विकास की राह पर चल पड़ा है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हमने करोड़ों महिलाओं के लिए शौचालय बनवाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। हमने करोड़ों महिलाओं के खाते खुलवाकर बैंकिंग से जोड़ा है। हमने उज्ज्वला सिलेंडर देकर उन्हें धुएं जैसी तकलिफों से बचाया है। उन्होंने कहा कि आज समाज के स्तर पर, सरकार के स्तर पर, बड़ी-बड़ी संस्थाओं में महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा तरजीह दी गई है। राजनीति का मैदान हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या फिर पुलिस... देश के हर सेक्टर में, हर आयाम में महिलाओं का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश की नारीशक्ति, हर आशंका को परास्त करके, हर संदेह को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रही है। बीते दशक में हमने महिला सुरक्षा को बहुत बड़ी प्राथमिकता दी है।

उनके खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए नियम-कानूनों को हमने और सख्त बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार के मुखिया के रूप में, सेवक के रूप में आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि आपके सपनों के रास्ते में कोई बाधा नहीं रहने दूंगा।

### दुनिया में सबसे ज्यादा महिला पायलट भारत में

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सबको ये देखकर गर्व होता है कि आज दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में महिला पायलट, हमारे भारत में हैं। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का ही उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब आप सभी से मिलता हूं तो मेरा भरोसा और पक्का हो जाता है कि विकसित भारत का संकल्प अब पूरा होकर ही रहेगा। संकल्प की सिद्धि में हमारी नारीशक्ति की सबसे बड़ी भूमिका होगी। मोदी ने कहा कि 2014 के बाद से अब तक करीब 3 करोड़ महिलाएं घर की मालकिन बन चुकी हैं। आज पूरी दुनिया में जल जीवन मिशन की भी बड़ी चर्चा है। जल जीवन मिशन के जरिए आज देश के गांव-गांव में पानी पहुंच रहा है। गांधी जी कहते थे कि देश की आत्मा ग्रामीण भारत में बसती है। आज मैं उसमें एक पंक्ति और जोड़ता हूं कि ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है। इसलिए हमारी सरकार ने महिलाओं के अधिकारों को, महिलाओं के लिए नए अवसरों को बड़ी प्राथमिकता दी है।

# सोमनाथ मंदिर में अमित शाह ने की पूजा-अर्चना



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गिर सोमनाथ जिले में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने गुजरात के दिवंगत मंत्री दिव्यकांत नानावती की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। वहीं, इसके बाद वे ह्यमाटी कला महोत्सवह्ल में भी पहुंचे। इस दौरान, शाह ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों ने यह संकेत दिया कि हम दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बने हुए हैं। यह बात सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के ताजा आंकड़ों से साफ है। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं की भी तारीफ की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्थिक वृद्धि को सर्व-समावेशी बनाने के लिए कदम उठाए हैं। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7.6 प्रतिशत रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत थी।

शाह ने शनिवार को ह्यमाटी कला महोत्सवह्ल को संबोधित करते हुए कहा, हमारी अर्थव्यवस्था पहले 11वें स्थान पर थी, और अब 5वें स्थान पर है। उन्होंने कहा, खादी क्षेत्र के कारोबार में तीन गुना वृद्धि का मतलब बहुत बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल के साथ सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बढ़ते आंकड़े अधिक मानवीय हो जाएंगे।

इससे पहले, शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'सोमनाथ शरणं प्रपद्ये। श्री सोमनाथ मंदिर एक अविनाशी शाश्वत संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। आज प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव के दर्शन और पूजन के बाद सभी के कल्याण की कामना की। महादेव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें।'

शाह ने इसके बाद नानावती की जन्मशती के अवसर पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। यहां उन्होंने नानावती पर लेखों के संकलन का भी अनावरण किया। शाह ने 1950 के दशक में जूनागढ़ में पार्षद और स्थानीय नगर निकाय के अध्यक्ष के रूप में और जूनागढ़ से दो बार विधानसभा के निर्वाचित सदस्य (पहली बार 1962 में और फिर 1972 में) के रूप में योगदान के लिए नानावती की सराहना की।

# 'दिल्ली की जनता के साथ धोखा'

## महिला समृद्धि योजना पर आतिशी ने भाजपा को घेरा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने शनिवार को महिला समृद्धि योजना को लेकर बीजेपी को घेरा है। आतिशी ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि, बीजेपी की सरकार ने दिल्ली की महिलाओं के साथ धोखा किया है। महिला समृद्धि योजना के पैसे अभी तक किसी के खातों में नहीं आये हैं।

आतिशी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, दिल्ली चुनाव से पहले पीएम मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को एक सलाह दी थी कि, आप अपने बैंक खातों को मोबाइल नंबर से लिंक कर लें क्योंकि बीजेपी की सरकार बनाते ही आठ मार्च यानी विश्व महिला दिवस पर सभी महिलाओं के खाते में 2500 की राशि आएगी।




पीएम मोदी ने कहा था, यह मेरी गारंटी है। आज 8 मार्च है, दिल्ली की महिलाएं इन्तजार कर रही थी कि, कब उनके खाते में पैसे आएंगे लेकिन आज बीजेपी की दिल्ली सरकार ने साबित कर दिया कि, वो मोदी की गारंटी नहीं चुनावी जुमला था।

### खोदा पहाड़ और निकली चुहिया

आतिशी ने आगे कहा कि, आज महिलाओं को खातों में पैसे तो नहीं मिले साथ ही कोई स्कीम भी नहीं मिली। यहां तक की रजिस्ट्रेशन का कोई पोर्टल भी नहीं मिला जहां से महिलाएं फॉर्म भर सके। दिल्ली की महिलाओं को चार मेम्बर्स की एक कमिटी मिली है। क्या यही थी मोदी जी की गारंटी। उन्होने आगे कहा कि, खोदा पहाड़ और निकली चुहिया। आज दिल्ली की महिलाओं के साथ भी ऐसा ही धोखा हुआ है।

# होली आई रे कन्हाई... : बरसाना में हुरियारिनों ने बरसाई लाठियां

**मथुरा।** लाठियों और ढाल के अद्भुत अनोखे रंग से गुलजार हो उठी बरसाना की गलियां। हुरियारिनों ने मस्ती में डूबे हुरियारों पर लाठियां बरसाईं तो मस्ती में डूबे हुरियारों द्वारा ढालों की ओट में खुद को बचाने की लीला जब रंग-रंगीले बरसाना में हुई तो मानो द्वापर युग सजीव हो उठा। लठामार होली की लीला की जीवंतता का आलम ऐसा था कि इसे देखने आंखें लालायित थीं और दिल इस रंग से सराबोर होने को मचल उठते हैं।



आनंद का समां ऐसा बंधा कि होली देखने को चन्द्र देव व सूर्य देव भी उतावले दिखे। जहां चन्द्र देव आने को बेताब तो वहीं सूर्य देव भी कहां पीछे हटने वाले थे, उन्होंने भी अस्त होने की गति ही रोक दी, हुरियारों हुरियारिनों की लठामार अनोखी होली के साक्षी बने।

यूं तो बरसाना में दिन भर होली के रंग बरसे पर शाम पांच बजते ही लठमार होली शुरू हो गयी। नंदगांव के हरियारे बरसाना पहुंचे तो हुरयारिनें लठ लिए तैयार मिलीं। ताबड़तोड़ लाठी की बौछार शुरू हो गई, जमकर लठ बजाए गए।

हुरियारे भी जैसे तैयार होकर आए थे। हुरियारिनों ने उन्होंने उन्हें खूब दौड़ाया, लेकिन उन्होंने भी इन वारों

## बिहार : महिला दिवस पर पटना में तेजस्वी यादव का ऐलान

# अगर हमारी सरकार आई तो महिलाओं को देंगे 2500 रुपए

**पटना।** बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महिला दिवस पर बेटी योजना का ऐलान किया है। उन्होने कहा कि बेटी योजना एक ऐसी योजना होगी, जो माई बहिन मान योजना से अलग होगी। बिहार में जन्म लेने वाली बेटी के पैदा होने के साथ ही सभी सुविधाएं दी जाएंगी। ताकि वो अच्छे से पढ़ाई कर सकें, उनको रोजगार मिले। क्योंकि बेटियां ही बिहार का भविष्य हैं।

तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर महिलाओं के मन सम्मान की रक्षा की जाएगी। जीविका दीदी का मानदेय बढ़ाया जाएगा, उनका नियमितीकरण किया जाएगा। उनके ऋण को माफ करेंगे। रसोईयों की समस्या का भी समाधान करेंगे। ये बात उन्होने शनिवार को बापू सभागार में माई बहिन महासम्मेलन में अपने संबोधन में कही।

महिलाओं से अपील करते हुए तेजस्वी ने कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में एनडीए सरकार को उखाड़ फेंके। महागठबंधन की सरकार बनने पर बेटी योजना लाएंगे।



इसके पहले कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने राज्य की महिलाओं से अपनी सरकार बनवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार कोई काम की सरकार नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रितु जायसवाल ने की।

आपको बता दें इससे पहले तेजस्वी ने माई-बहिन मान योजना का ऐलान किया था। और कहा था कि अगर महागठबंधन की सरकार आई तो माताओं और बहनों को 2500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। अब तेजस्वी ने एक और बेटी योजना की घोषणा की है।

**बिहार और केंद्र सरकार पर साधा निशाना :** इस क्रम में उन्होंने बिहार एवं केंद्र सरकार पर भी खूब निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने चार लाइन में वर्तमान सरकार के 20 वर्षों के कार्य गिनाएं।

तेजस्वी यादव ने कहा 'सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, मुख्यमंत्री थका-हारा, दिव्यांग फिर रहा मारा-मारा है।'

**प्रदेश सरकार पर लगाया दिव्यांगों की उपेक्षा करने का आरोप :** प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा कवि की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष ने दिव्यांगों से एकजुट होने और एक-एक सदस्य जोड़ने का आह्वान किया।

**बढ़ाई जाएगी दिव्यांग पेंशन :** दिव्यांग पेंशन योजना की राशि 400 से बढ़ाकर 1,500 रुपये की जाएगी। महिलाओं को माई-बहिन मान योजना के तहत 2,500 प्रतिमाह दिए जाएंगे।

गैस सिलेंडर 500 में और 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। वृद्धावस्था पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि भी बढ़ाकर 1,500 की जाएगी।

# पान मसाला विज्ञापन : शाहरुख, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ को जयपुर कंज्यूमर फोरम का नोटिस

**जयपुर।** पान मसाला ब्रांड 'विमल' के एक विज्ञापन को लेकर हिंदी फिल्म उद्योग के सुपरस्टार शाहरुख खान के अलावा अभिनेता अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश जयपुर स्थित जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम द्वारा जारी किया गया है। यहां योगेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति ने शिकायत की थी जिसके बाद फोरम अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने बॉलीवुड कलाकारों को नोटिस जारी करने कहा है।

आरोप लगाया गया है कि पान मसाला का यह विज्ञापन भ्रामक है। इस विज्ञापन में कथित तौर पर दावा किया गया है कि पान मसाले के प्रत्येक दाने में केसर होता है।योगेंद्र ने अभिनेताओं पर केसर की मौजूदगी के दावे के जरिए झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया है और कथित भ्रामक विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।



'बोलो जुबां केसरी' टैग लाइन के साथ वाला यह विज्ञापन चर्चा में रहा है जिसमें दावा किया गया है कि पान मसाला के पैकेट में केसर है। पान मसाला का पैकेट खोलते ही उससे केसर निकलने लगता है। इस विज्ञापन में शाहरुख खान, अजय देवगन के अलावा टाइगर श्रॉफ भी नजर आते हैं। पहले शाहरुख खान और अजय देवगन के साथ अक्षय कुमार भी नजर आते थे लेकिन विवाद के बाद उन्होंने खुद को इससे किनारा कर लिया।

**अक्षय ने विज्ञापन के लिए मांगी थी माफी :** वह विमल इलायटी के ब्रैंड एंबेसडर थे। सोशल मीडिया पर हुई आलोचनाओं के कारण अक्षय कुमार ने माफी मांगी थी। उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि वह तंबाकू का समर्थन नहीं करते और कभी भी उसका विज्ञापन स्वीकार नहीं करते।

# सेहत से खिलवाड़ : चांदी के वर्क वाली मिठाई खाते हैं तो हो जाएं सावधान!

**बरेली।** मिठाइयों पर सफेद चमक रही परत को चांदी समझकर लोग एल्युमिनियम खा रहे हैं। यह सेहत के लिए हानिकारक है। लगातार सेवन से कैंसर की आशंका है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के मुताबिक चांदी वर्क वाली मिठाई जांच में शुद्धता के सभी मानकों पर फेल रही हैं।

बरेली सराफा एसोसिएशन के महामंत्री दिनेश अग्रवाल के मुताबिक, जिले में चांदी वर्क बनाने वाली सिर्फ एक फैक्टरी है। वहां शुद्ध चांदी का प्रयोग होता है, पर चांदी महंगी होने से असली वर्क की मांग सीमित है। बाजार में प्रति किलो चांदी का भाव 98,500 रुपये है। कर जोड़कर प्रति किलो चांदी वर्क की औसत कीमत डेढ़ से दो लाख रुपये तक पहुंचती है। ऐसे में उन्होंने आशंका जताई कि ज्यादातर मिठाई कारोबारी एल्युमिनियम वर्क की परत मिठाई पर चढ़ा रहे हैं।

शुद्ध चांदी वर्क का प्रयोग होने पर मिठाइयों की कीमत भी बढ़ जाती है।



चूंकि पहले ही खाद्य पदार्थों पर महंगाई की मार है। ऐसे में मिठाइयों की कीमत बढ़ाने से उनकी बिक्री पर असर पड़ने से बचने के लिए कई कारोबारी ये खेल कर रहे हैं।

**40 फीसदी बढ़ गई है एक पैकेट चांदी वर्क की कीमत :** चांदी वर्क कारोबारी वैभव खंडेलवाल के मुताबिक उन्होंने दो वर्ष पूर्व चांदी वर्क का काम शुरू किया था।

# हिंदुस्तान का हिंदू न बंटेगा, न घटेगा, एक होकर रहेगा : पंडित धीरेंद्र शास्त्री

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में शनिवार दोपहर को बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र शास्त्री का दिव्य दरबार सजा, जिसमें लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं। इस भव्य दरबार में इतनी भीड़ थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने दरबार में पहुंचते ही भगवान हनुमान जी की आराधना की और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। पंडित शास्त्री का दरबार श्रद्धा और विश्वास से भरा हुआ था, जहां हर कोई भगवान हनुमान जी और बालाजी जी के दर्शन के लिए उमड़ा हुआ था। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, यह दरबार केवल एक बहाना है, लेकिन मकसद यह है कि यहां आए सभी हिंदुओं को हनुमान जी और बालाजी जी के दर्शन कराए जाएं। हम हिंदू समाज को कभी भी झुकने नहीं देंगे, हम नालायक हैं, हमारे चक्कर में मत पड़िए, हम जिस बालाजी के चक्कर में पड़े हैं, उनके चक्कर में पड़िए।




**हिंदू समाज की सेवा करना की उद्देश्य :** पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अपने विरोधियों पर तीखा प्रहार किया और कहा, अरे तुम घुसपैठियों को रोक नहीं पाए, हमें क्या रोक पाओगे? बिहार हमारा है, हम बिहार के हैं। हर शनिवार बालाजी में लाखों लोग आते हैं, रोते हुए आते हैं और हंसते हुए जाते हैं। इस हिंदुस्तान का हिंदू न बंटेगा, न घटेगा, एक होकर रहेगा। पंडित शास्त्री ने यह भी कहा कि उनका जीवन का उद्देश्य हमेशा हिंदू समाज की सेवा करना है, और वे कभी भी कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे हिंदू समाज को झुकना पड़े। उन्होंने कहा, हम जीवन में कोई ऐसा काम नहीं करेंगे, जिससे हिंदुओं को शर्मिंदा होना पड़े। हम सच्चे हिंदू हैं और हमेशा हिंदू धर्म की रक्षा करेंगे।

दरबार में पंडित शास्त्री ने कुछ विशेष अर्जियां भी प्रस्तुत की। बाबा के दिव्य दरबार में पहली अर्जी नीले रंग की शर्ट पहने रवि नामक व्यक्ति की है, तीसरी अर्जी दीपक नामक बालक की है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# भारत-न्यूजीलैंड के बीच महामुकाबला आज

## फाइनल मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। लगभग 8 साल बाद खेले जा रहे इस बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमें इस खिताब को जीतने की बड़ी दावेदार हैं। ऐसे में यह जान लेना जरूरी है कि फाइनल के दिन दुबई स्टेडियम की पिच कैसी होने वाली है। फाइनल की पिच पर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

**इस पिच पर होगा फाइनल मुकाबला? :** भारत और न्यूजीलैंड के बीच जिस पिच पर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा वो वही पिच है जिसका इस्तेमाल भारत और पाकिस्तान के मैच के लिए किया गया था। वो विकेट काफी स्लो था और उम्मीद यही है कि फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से स्लो विकेट देखने को मिल सकता है। जिसपर बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिलेगा।

**टीम इंडिया ने मारी थी बाजी :** पाकिस्तान के खिलाफ मैच में टीम इंडिया के गेंदबाज और बल्लेबाज दोनों चले थे और उस मैच को टीम इंडिया ने 6 विकेट से जीत लिया था। विराट कोहली के शतक और श्रेयस अय्यर की दमदार फिफ्टी से भारत ने पाकिस्तान को रौंद दिया था। मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 241 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस स्कोर के जवाब में टीम इंडिया ने 42.3 ओवर में 244 रन बनाकर मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

**विराट कोहली ने ठोका था शतक :** पाकिस्तान के खिलाफ उस मैच में विराट कोहली ने कमाम की पारी खेली थी।

विराट ने उस मैच में 111 गेंद पर नाबाद 100 रन की पारी खेली थी। वहीं 56 रन श्रेयस अय्यर और 46 रन शुभमन गिल ने बनाए थे। लेकिन इससे यह कतई नहीं कहा जा सकता है कि टीम इंडिया की जीत अब पक्की हो गई है क्योंकि न्यूजीलैंड के पास तगड़े बल्लेबाज भी मौजूद हैं। वहीं उनके पास बेहतरीन तेज गेंदबाजों और स्पिनर्स की भी भरमार है। ऐसे में टीम इंडिया को सावधान रहना होगा।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## समाज को सशक्त बनाने में नारी शक्ति की सराहनीय भूमिका : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



मनाया गया जिसके क्रम में शहर की सभी जोन से महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। भारत की राष्ट्रपति से लेकर गाजियाबाद की महापौर तक नगर आयुक्त द्वारा सभी के उदाहरण देते हुए महिला सफाई मित्रों को मोटिवेट किया गया।

नारी शक्ति को राष्ट्र की प्रगति का आधार कहकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, डॉक्टर अनुज प्रभारी उद्यान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, जलकल विभाग से शेषमणि यादव, तथा एसबीएम की टीम उपस्थित रही।



### महिला सफाई मित्रों तथा स्वयं सहायता समूह की बहनों को किया गया सम्मानित





करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा महिला सफाई मित्रों को शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में किया जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित सफाई मित्रों से समाज को सशक्त बनाए रखने के लिए अपील भी की गई। महिला सफाई मित्रों को पुष्प देकर सम्मानित किया गया तथा पानी की बोतल व सर्टिफिकेट भी दिए गए।

### गाजियाबाद नगर निगम में शक्ति रसोई का नगर आयुक्त ने किया शुभारंभ

करंट क्राइम। स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में खोली गई शक्ति रसोई कैंटीन का भी शुभारंभ किया गया। नगर आयुक्त द्वारा शक्ति रसोई में पहुंचकर आवश्यक निरीक्षण भी किया गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम की महिला सफाई मित्रों द्वारा पुरुष सफाई मित्रों से अधिक लगन से शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग किया जाता है। 311 एप पर भी महिला सफाई मित्रों की हाजिरी का प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार शहर के अनेक कार्यों में महिलाओं की सराहनीय भूमिका है जिसमें गाजियाबाद नगर निगम स्कूलों में छात्रों ने भी प्रशंसनीय कार्य किये हैं। कार्यक्रम के अंत में शहर वासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

# जिला प्रशासन गाजियाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मिशन शक्ति मेला आयोजित किया

## महिलाएं शक्ति स्वरूप, भारतीय संस्कृति में सदैव पूजनीय रहीं : राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, गीतांजलि वेलफेयर एजुकेशनल समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मिशन शक्ति मेला आई टी एस कॉलेज मोहन नगर के चाणक्य सभागार में भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कश्यप मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने उद्बोधन में महिलाओं और बालिकाओं के लिए केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं शक्ति स्वरुप है तथा भारतीय संस्कृति में सदैव इन्हे पूजा गया है। महिलाओं के सम्मान सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति, कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, उज्ज्वला योजना, विधवा पेंशन योजना कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय योजना आदि यह सिद्ध

विस्तृत खबर, पृष्ठ 8

# तुराब नगर से हुई शहर में नाम बदलने की शुरुआत

## अब सीता राम बाजार से होगी महिलाओं के मुख्य बाजार की पहचान








### जल्द बदले जा सकते हैं, इनकी गलियों के भी नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान गाजियाबाद जिले के सबसे पुराने और महिलाओं के प्रमुख बाजार चुनाव तुराग नगर बाजार का नाम बदलने के प्रस्ताव पर मोहर लग गई है।

अब तुराब नगर का नाम सीता बाजार नगर रख दिया गया है। तो तुराब नगर व्यापार मंडल और स्थानीय पार्षद सहित कई व्यापारिक संगठन और नगर व्यापार मंडल ने नाम बदले जाने पर खुशी जाहिर की है। साथ ही अब कहा जा रहा है कि जल्द ही यहां के कई अन्य गलियों के नाम भी बदले जाएंगे। बता दें कि गाजियाबाद में तुराब नगर महिलाओं की शॉपिंग का सबसे बड़ा बाजार है। यहां घरेलू सामान तथा महिलाओं से संबंधित खरीददारी की सैकड़ों दुकानें हैं।

### पार्षद ,व्यापारियों और लोगों ने जताई खुशी

करंट क्राइम : तुराब नगर का बाजार अब सीताराम बाजार के नाम से जाना जाएगा। यहां सीताराम बाजार का नया बोर्ड लग गया है। जिसमें महापौर सुनीता दयाल, स्थानीय पार्षद नीरज गोयल और यहां के व्यापार अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा का नाम लिखा बोर्ड लगवा दिया गया है। वही तुराब नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रजनीश बंसल ने भी इसको लेकर शुभकामनाएं दी हैं और धन्यवाद अदा किया है। तो वहीं व्यापारी नेता राजू छाबड़ा ने भी इसे हर्ष का विषय बताया है।

### इन गलियों का भी बदला जाएगा नाम

करंट क्राइम : जिन गलियों का अब तक कोई नाम नहीं था, व्यापारियों ने उनके प्रस्तावित नाम के बोर्ड भी लगा लिए हैं। व्यापारियों ने बताया कि आंबेडकर मार्ग की ओर से बाजार में आने पर बायीं ओर पहली गली का नाम राम गली, दूसरी गली का नाम लक्ष्मण गली, तीसरी गली का नाम भरत गली, चौथी गली की नाम शत्रुघ्न गली, पांचवीं गली का नाम हनुमान गली, छठी अर्जुन नगर की तरफ जाने वाली गली का नाम अर्जुन गली किया गया है। इसी तरह आंबेडकर रोड से आने पर दाहिनी ओर की पहली गली का नाम सीता गली, दूसरी गली का नाम कौशल्या गली, तीसरी गली का नाम सुमित्रा गली, चौथी गली का नाम युधिष्ठर मार्ग किया गया है।

# 60 लाख के गांजे के साथ क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट ने किया 12वीं पास तस्कर गिरफ्तार



### - कई राज्यों से होकर निकलता था गांजे का ट्रक
### - साड़ियों में छुपाया जाता था नशे का माल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** त्यौहारी सीजन के बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच की टीम ने उड़ीसा से दिल्ली-एनसीआर में लाकर गांजा तस्करी करने वाले शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इसकी निशानदेही पर लगभग 121 किलो गांजा, जिसकी कीमत लगभग 60 लखा रुपए से अधिक बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम ने बताया है कि 12वीं पास एटा का रहने वाला 22 वर्षीय मोहित यादव बीते कई सालों से इस धंधे को अंजाम दे रहा था।

क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के एडीसीपी पीयूष कुमार सिंह ने बताया है की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही कैंटर गाड़ी और माल बरामद किया गया है। इसके अन्य साथियों की पुलिस तलाश कर रही है।

### उड़ीसा से दिल्ली-एनसीआर तक आता था माल

**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी मोहित यादव से पूछताछ की है, तो उसने बताया है कि उसे एक चक्कर के 20 हजार रुपये मिलते थे। यह उड़ीसा से माल लेकर दिल्ली-एनसीआर आता था।

इस दौरान कई राज्यों की सीमा से होकर कैंटर गुजरता था। कैंटर में साड़ियां रखी रहती थीं, जिससे पुलिस और अन्य जांच करने वाली टीम सोचती थी कि इसमें माल जा रहा है जबकि इसमें मादक पदार्थ की तस्करी की जाती थी।

पुलिस ने बताया है कि इसके कई साथियों की पुलिस तलाश कर रही है। कैंटर में मौजूद दो अन्य साथी फरार हैं। पुलिस उनको भी ढूंढने का काम कर रही है।

### आरोपी नहीं रखता था मोबाइल और कोड वर्ड में करता था बात



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया आरोपी मोबाइल नंबर बंद कर देता था और जब गांजा सप्लाई को निकलता था, तो वह मोबाइल भी कम इस्तेमाल में करता था। साथ ही जिन लोगों से वह फोन पर बात करता था, उनसे कोड वर्ड में बातचीत किया करता था।

# होली और रमजान को लेकर पुलिस कमिश्नरेट में हुई अधिकारियों की मीटिंग



### पुलिस कमिश्नर ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** होली और रमजान को लेकर पुलिस अलर्ट है। मिश्रित आबादी इलाकों में विशेष निगरानी रहेगी। इसके साथ ही किसी भी नए आयोजन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

होलिका दहन 13 मार्च को है, 14 को होली खेली जाएगी। इस दिन शुक्रवार है। रमजान भी चल रहे हैं। ऐसे में जुमे की नमाज अदा की जानी है। इस वजह से पुलिस ने अलर्ट जारी कर दिया है। धर्मस्थलों के आसपास अतिरिक्त पुलिस लगेगी। मिश्रित आबादी और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी की जाएगी। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने शुक्रवार को अधीनस्थों के साथ बैठक की।

उन्होंने पीस कमेटी की बैठक कराने के निर्देश दिए हैं। कहा कि होलिका दहन के स्थल चिह्नित कर लें। किसी नए आयोजन की अनुमति नहीं है। शुक्रवार को नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में जाएंगे। आसपास अतिरिक्त पुलिस बल लगेगा। पुलिसकर्मी होलिका दहन स्थल पर जाएं, मोहल्ले के लोगों से वार्ता कर सौहार्द बनाएं।

### होली पर क्लस्टर और क्यूआरटी की ड्यूटी रहेगी

करंट क्राइम : पुलिस आयुक्त ने कहा कि होली पर क्लस्टर और क्यूआरटी की ड्यूटी रहेगी। विवादित स्थल पर होलिका दहन नहीं होगा। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। मानक से अधिक आवाज पर डीजे नहीं बज सकेंगे। हुड़दंगियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। डग्गामार वाहनों पर भी कार्रवाई होगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि थाना पुलिस किसी भी सूचना को हल्के में न ले। पुलिसकर्मी मौके पर जाएं। सूचना देने वाले से बात करें। अगर, इसमें लापरवाही की जाएगी तो कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस नजर रखे। इस पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई करें। त्योहार तक बाजारों में पुलिस फोर्स रहेगी। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जाएगी।

# लोक अदालत में 1.56 लाख वादों का हुआ निस्तारण, करोड़ों रुपए की वसूली के आदेश

## एक करोड़, 62 लाख, 78 हजार 818 रुपए का आदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकृति के सुलह योग्य- शमनीय 75,951 वादों व राजस्व सम्बन्धी 80,154 मामलों का निस्तारण हुआ। इसके साथ ही वैवाहिक एवं भरण पोषण सम्बन्धी 193 मामलों व मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर से सम्बन्धित कुल 73 मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत के अंतर विभिन्न प्रगति



के सलाह योग्य मामले आए, जिसमें 75,951 वाद में राजस्व संबंधी, 80154 मामलों का निस्तारण किया गया है। वहीं कुल 1,56000 से ज्यादा वादों का निस्तारण किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत विभिन्न मामलों में दंडनीय मामलों के अंतर्गत एक करोड़, 62 लाख ,78 हजार और 818 रुपए का अर्थ दंड भी घोषित किया गया है। बता दें कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, जिला न्यायालय परिषद गाजियाबाद में किया गया। जहां जनपद न्यायाधीश दशम अनिल कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें गौरव शर्मा नोडल अधिकारी हीरालाल, अपर जिला जज कोर्ट संख्या दो नीरज गौतम, विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट प्रभारी अधिकारी नाजायत विभाग एवं कुमार मिताक्षर अपर जिला अध्यक्ष सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामिल रहे।

### कई अन्य मामलों का भी किया गया निस्तारण

करंट क्राइम : राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक एवं भरण पोषण संबंधी 193 का निस्तारण परिवार न्यायालय द्वारा उन्हें समझाओ के आधार पर हुआ है। वहीं लघु प्रकृति के मामलों में लेबर एक्ट वाणिज्य अधिनियम 26 यूपी एक्ट पुलिस अधिनियम मोटर वाहन अधिनियम, आबकारी अधिनियम, जिला परिषद अधिनियम आदि के संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया है। वहीं मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर से संबंधित कुल 73 मामलों का निस्तारण करते हुए एक करोड़, 74 लाख, 75 हजार 500 अदा करने के आदेश दिए गए हैं। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों ने लोन रिकवरी बीएसएनल से संबंधित कुल 285 मामलों का भी निस्तारण किया गया। जिसमें तीन करोड़ 54 लाख 88 हजार 455 रुपए की धनराशि वसूलने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही राजस्व न्यायालय से प्राप्त सूचना के अनुसार राजस्व संबंधी 80154 मामलों का निस्तारण किया गया है। शनिवार को लोक अदालत की वजह से गाजियाबाद जिला न्यायालय परिसर और कचहरी के आसपास बड़ी संख्या में भीड़ रही जिसके चलते पुलिस भी तैनात रही।

## संपादकीय

# एक अन्य व्यापारिक बाधा

भारत या दुनिया भर में व्यापार के बारे में होने वाली चर्चा टैरिफ यानी शुल्कों पर ही केंद्रित रहती है। भारत ने लगातार टैरिफ में इजाफा करने के बाद हाल के महीनों में और केंद्रीय बजट में भी यह संकेत दिया है कि आयात शुल्क में कमी की जाएगी। इस नीतिगत बदलाव के बारे में कहा जा रहा है कि इससे भारत में मूल्यवर्धन होगा और भारतीय उत्पादकों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनने में मदद मिलेगी। बहरहाल आर्थिक खुलापन और एकीकरण अकेले टैरिफ का काम नहीं है। नियमन, प्रतिबंध और कोटा भी इसमें भूमिका निभाते हैं। आमतौर पर इन्हें व्यापार के गैर टैरिफ अवरोध कहा जाता है। भारत के नीति निमार्ताओं को इस बात पर विचार करना चाहिए कि गैर टैरिफ अवरोधों को लेकर उनका रुख, टैरिफ में कमी से होने वाले लाभों के विरोधाभासी है।

हाल के वर्षों में भारत के अफसरशाहों ने एक नई तरह का गैर टैरिफ अवरोध लागू किया है। यह संरक्षणवादी और राज्य से संबंधित उपाय तथाकथित गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों या क्यूसीओ की आड़ में छिपा हुआ है। जैसा कि अर्थशास्त्री अरविंद सुब्रमण्यन तथा अन्य ने कहा है, क्यूसीओ का अधिक इस्तेमाल भारत के व्यापार और उसकी प्रतिस्पर्धी क्षमता को बहुत अधिक प्रभावित कर रहा है। हालांकि सांकेतिक तौर पर इसका तात्पर्य यह है कि भारतीय बाजार में उपलब्ध वस्तुएं स्थानीय मानकों को पूरा करें लेकिन हकीकत यह है कि इन ऑर्डर का इस्तेमाल आयात शिपमेंट को जानबूझकर देर से मंगाने या दूसरी जगह भेजने जैसे कामों के लिए किया जाता है। ऐसे तकरीबन 800 आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इनके दायरे में स्टील से लेकर चमड़ा तक तमाम क्षेत्र आते हैं और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक आने वाले महीनों में तीन गुना क्यूसीओ जारी किए जा सकते हैं।

इससे कारोबारियों और व्यापारियों के लिए जीवन मुश्किल होगा। कुछ मौकों पर यह स्पष्ट नहीं होता है कि क्यूसीओ में किन उत्पादों को संदर्भित किया जा रहा है। दूसरे मौकों पर ऑर्डर पूरी तरह नए वर्गीकरण को शामिल करते हैं। उदाहरण के लिए विशिष्ट स्टील के प्रकार। उत्पादक अथवा आयातक अक्सर निश्चित नहीं होते कि उनकी शिपमेंट आएगी और समय पर स्वीकृति पा सकेगी। इससे शेड्यूल और लागत पर असर पड़ता है और निर्यातक अनुबंध के अपने दायित्वों को अक्सर निभा नहीं पाते। क्यूसीओ के पीछे वजह है चीन से आने वाली खराब गुणवत्ता वाली वस्तुओं को रोकना जिनके बारे में लोगों को चिंता है कि वे भारतीय बाजारों में हावी हैं। परंतु ऐसे ऑर्डर अक्सर बताते हैं कि ऐसे नियंत्रणों से रोकथाम नहीं हो सकी है और ये असली समस्या से अधिक दिक्कतदेह साबित हुए हैं। अफसरशाही प्रोत्साहन लाइसेंस-परमिट राज की अतियों के दौर से ही अपरिवर्तित हैं। अधिक नियंत्रण और अधिक विवेकाधिकार का अर्थ है अधिक शक्ति और अधिक लॉबीइंग। ऐसे व्यवहार के तमाम नकारात्मक परिणाम भी होते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पादने से शरीर का ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता हैं।
- काले रंग के लोगो को कम दिल का दौरा पड़ता हैं।
- आप चौंक जायेंगे जब आप देखेंगे कि कोका कोला का इस्तेमाल टायलेट धोने में भी किया जा सकता है।
- आपके पेट में एक दुसरा दिमाग होता है जिसे एनट्रेरिक नर्वस सिस्टम कहते हैं। इसी से अंग्रेजी में अक्सर कही जाने वाली लाइन गट फीलिंग आती है।
- महिलाएं सामान्य तौर पर ऐसे सवाल पुछती हैं जिनके जवाब उन्हें पहले से पता होते हैं, इसलिये बेहतर होगा कि आप सच ही कह दें।
- ज्यादा सोचना एक किस्म की निराशा की तरफ बढता है और आप खुद को सामाजिक और भावनात्मक तौर पर अकेला पाते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया की खोज जेम्स कुक ने की थी।
- आप जिस लिफ्ट में हैं और वो नीचे गिर रही है तो आप लिफ्ट के बीच में लेटकर खुद को बचाएं।
- जब आप झूठ बोलते है आपकी नाक गर्म हो जाती है।
- अगर आप किसी को पहले से संदेश भेजते हैं तो 90 प्रतिशत संभावना है कि वो इंसान आप में रुचि नहीं रखता है।
- होमोसेक्सुएलिटी को स्वीडन में 1979 तक एकबीमारी समझा जाता था।
- बिल्लियां अपने चेहरे को अगर किसी चीज से घिसती हैं तो उसका मतलब है कि वो उसे अपनी चीज समझती हैं।
- अगर आप हेडफोन का एक घंटे तक इस्तेमाल करते हैं इसका मतलब होता है कि आपके कानों में बैक्टिरिया 700 गुना तक बढ गये हैं।

## राशिफल

**मेष:** किसी धार्मिक स्थल के दर्शन सुलभ होंगे। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। समय अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**वृष:** कार्यस्थल पर सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुन:** यात्रा से लाभ होगा। रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं। नया कार्य प्रारंभ हो सकता है। भाग्य का साथ मिलेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कर्क:** वाणी पर नियंत्रण रखें। फालतू खर्च होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**सिंह:** लाभदायक रहेगी। शत्रु पस्त होंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।

**कन्या:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। किसी तरह की बहस में हिस्सा न लें। नए मित्र बनेंगे।

**तुला:** पिछले समय की गई मेहनत का फल अब प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समाजसेवा करने का मन बनेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** कोई बुरी सूचना प्राप्त हो सकती है। उत्साहहीनता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। दौड़धूप अधिक रहेगी। आय में कमी हो सकती है।

**धनु:** पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। संगीत आदि में रुचि रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मकर:** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। व्यावसायिक मतभेद दूर होंगे।

**कुंभ:** दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी।

**मीन:** भावना में बहकर कोई निर्णय न लें। वरिष्ठजनों की सलाह जरूर लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक हानि हो सकती है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.78 अरब डॉलर घटा

## जोमैटो समेत कई कंपनियों के खिलाफ सीसीआई में शिकायत

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 फरवरी वाले सप्ताह में 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान विदेशी मुद्रा संपत्ति में 49.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई है। देश का स्वर्ण भंडार भी 1.30 अरब डॉलर घटकर 73.2 अरब डॉलर रह गया।



### जोमैटो समेत कई कंपनियों के खिलाफ सीसीआई में शिकायत

एफएमसीजी वितरकों के संगठन ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग यानी सीसीआई के समक्ष एक याचिका दायर की है। इसमें क्विक कॉमर्स कंपनियों जैसे जोमैटो के स्वामित्व वाली ब्लिंकिट, स्विगी और जेप्टो के खिलाफ प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रैक्टिस को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। फेडरेशन का आरोप है कि क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म भारी छूट आदि के जरिये नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

### भंडार घटाने के लिए सरकार ने टूटे चावल निर्यात की दी अनुमति

भंडार घटाने के लिए सरकार ने 100 फीसदी टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि इस कदम से गरीब अफ्रीकी देशों को कम कीमतों पर अनाज पाने में मदद मिल सकती है। इससे एशियाई पशु चारा व इथेनॉल उत्पादकों को भी राहत मिल सकती है, जो इस किस्म के चावल पर निर्भर हैं टूटे चावल का भंडार फरवरी में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, जो लक्ष्य से नौ गुना अधिक है। भारत ने सितंबर, 2022 में 100 फीसदी टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं, पीली मटर के निशुल्क आयात की अवधि 31 मई तक बढ़ा दी गई है।

### एजीएस टेक्नोलॉजी 38.59 करोड़ के भुगतान में विफल

एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजी और उसकी अन्य इकाइयां 38.59 करोड़ के भुगतान करने में चूक गई हैं। कंपनी और इसकी इकाई सिक्योरवैल्यू इंडिया पर 21.2 करोड़ रुपये का मूलधन बकाया है। इंडिया ट्रांजैक्ट सर्विसेज 17.36 करोड़ रुपये की देनदारी नहीं चुका पाई है।

### एसएसई पर न्यूनतम आवेदन का घटेगा आकार

सेबी ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) पर गैर-लाभकारी संगठनों के जारी जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल साधनों के आईपीओ के लिए न्यूनतम आवेदन आकार को 10,000 से घटाकर 5,000 रुपये या 1,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया है। इससे खुदरा निवेशकों की संख्या बढ़ेगी।

# ट्रंप ने बिटकॉइन रिजर्व बनाने के कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

## कहा- हम ऐतिहासिक कदम उठा रहे



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया है। व्हाइट हाउस में क्रिप्टो शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने इसकी जानकारी दी। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया है। व्हाइट हाउस में क्रिप्टो शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने इसकी जानकारी दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, पिछले साल, मैंने अमेरिका को दुनिया की बिटकॉइन महाशक्ति और ग्रह की क्रिप्टो राजधानी बनाने का वादा किया था, और हम उस वादे को पूरा करने के लिए ऐतिहासिक कार्रवाई कर रहे हैं। ट्रंप ने आगे बताया, कल, मैंने आधिकारिक तौर पर हमारे रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व को बनाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए... हम ऑपरेशन चोक पॉइंट 2.0 को समाप्त कर रहे हैं।

## महिला उद्यमियों को बिना गारंटी मिलेगा ऋण

# विशेष बचत खाता और अन्य सुविधाओं का भी किया ऐलान

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की है। भारतीय स्टेट बैंक ने महिला उद्यमियों के लिए कम ब्याज दर के साथ बिना गारंटी वाले ऋण की पेशकश की है। एसबीआई ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'अस्मिता' नाम से एक नया उत्पाद पेश किया। इसका मकसद महिलाओं को कम ब्याज दर वाले वित्तपोषण विकल्प देना है।

एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि नई पेशकश से महिलाओं के नेतृत्व वाली सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाइयों को जल्दी और आसानी से कर्ज मिलेगा। बैंक के प्रबंध निदेशक विनय टोंस ने नई पेशकश को तकनीकी नवाचार और सामाजिक समानता का प्रतीक बताया। एसबीआई ने रूपे द्वारा संचालित 'नारी शक्ति' प्लैटिनम डेबिट कार्ड भी पेश किया, जिसे विशेष रूप से महिलाओं के लिए तैयार किया गया है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा खोलेगा विशेष बचत खाता

बैंक ऑफ बड़ौदा ने ह्यऑटो




स्वीप सुविधा से लैस 'बॉब ग्लोबल वूमेन एनआरई और एनआरओ बचत खाता' शुरू करने की घोषणा की है। इससे ग्राहकों को उच्च ब्याज प्राप्त करने के साथ सस्ती दर पर आवास ऋण और वाहन ऋण प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। बीओबी महिला खाताधारकों के लिए ऐसा खाता लेकर आने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक है।

# पांच माह बाद खुदरा महंगाई दर 4% से कम रहने के आसार

## फरवरी में खाद्य महंगाई दर में गिरावट की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सब्जियों की कीमतें मासिक आधार पर नौ प्रतिशत घट सकती है, जो लगातार चौथे महीने कीमतों में गिरावट का संकेत है। फरवरी में टमाटर की औसत कीमत 23 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इसके दाम में 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आने की संभावना है। लगातार आरबीआई के दायरे से ऊपर बनी रहने वाली खुदरा महंगाई दर पांच महीने में पहली बार चार फीसदी से नीचे आ सकती है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक, फरवरी 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) गिरकर 3.81 प्रतिशत पर आने की संभावना है। जनवरी में यह 4.31 और पिछले साल अगस्त में 3.65 फीसदी पर रही थी।

सीएमआईई के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत खुदरा महंगाई 4.87 प्रतिशत रही है। इस बार खाद्य कीमतों में गिरावट का कारण कीमतों में प्रभावी रूप से कमी आना है। सब्जियों की कीमतों



में सर्दियों में सुधार और दालों की कीमतों में लगातार नरमी से मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में मदद मिली है। लेकिन, सोने की कीमतों में मजबूती के कारण मुख्य महंगाई में बढ़ोतरी का अनुमान है। फरवरी 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी के छह प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत पर आने की संभावना है। यह मई, 2023 के बाद से सबसे कम होगी। मुद्रास्फीति की चिंता बढ़ाने वाली सब्जियों की कीमतें तेजी से गिरी हैं। इससे खाद्य मुद्रास्फीति को बहुत राहत मिली है। अनुमान है कि फरवरी में सब्जियों की महंगाई दर घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई है, जो जनवरी के 11.4 प्रतिशत से काफी कम है। अप्रैल, 2024 से जनवरी, 2025 के बीच सब्जियों की औसत महंगाई दर 24 प्रतिशत तक रही।

मासिक आधार पर सब्जियां 9% सस्ती आंकड़ों में कहा गया है कि सब्जियों की कीमतें मासिक आधार पर नौ प्रतिशत घट सकती है, जो लगातार चौथे महीने कीमतों में गिरावट का संकेत है। फरवरी में टमाटर की औसत कीमत 23 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इसके दाम में 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आने की संभावना है। फरवरी में प्याज और आलू की कीमतें क्रमशः 36 रुपये प्रति किलोग्राम और 26 रुपये प्रति किलोग्राम थीं। हालांकि ये कीमतें अभी भी एक साल पहले के स्तर से ऊपर हैं।

## चुटकुले

आज का ज्ञान
औरों का तो पता नहीं,
लेकिन उसका तो खुशियों से विश्वास ही उठ जाता है,
जिसकी पत्नी का नाम 'खुशी' हो।

---

सुबह-सुबह पत्नी ने कहा - जल्दी से न्यूजपेपर दो।
पति - तुम भी कितने पुराने ख्यालात की हो,
दुनिया कहां से कहां पहुंच गई और
तुम न्यूजपेपर मांग रही हो।
यह लो मेरा टैबलेट।
पत्नी ने टैबलेट लिया और कॉकरोच पर दे मारा।
अब पति सदमे में है।

---

एक नेताजी की गाड़ी पर प्लेट लगी थी, जिसपर
लिखा था - हा. हु. प्र.
पुलिस वाले ने ड्राइवर से पूछा - कौन सी
पार्टी के हैं नेताजी?
ड्राइवर - हारे हुए प्रत्याशी।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# खत्म होगा 37 साल का इंतजार, 1988 के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ कोई फाइनल नहीं जीत सकी टीम इंडिया

**दुबई ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला रविवार को दुबई में खेला जाएगा। 37 साल से यह इंतजार जारी है। 1988 में भारत ने न्यूजीलैंड को आखिरी बार शारजाह कप के फाइनल में हराया था। इसके बाद से टीम कीवियों के खिलाफ लगातार तीन फाइनल हार चुकी है।

इनमें 2000 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल, 2005 वीडियोकॉन त्रिकोणीय सीरीज फाइनल और 2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल शामिल है। अगर भारत न्यूजीलैंड को हराने में कामयाब रहता है तो यह बड़ी कामयाबी होगी और 37 साल का इंतजार खत्म होगा। साथ ही टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में भी पहली बार कीवियों को हराने में कामयाब हो सकेगी

अब तक अपने प्रतिद्वंद्वियों और आलोचकों को हाशिये पर रखने में



**इस फाइनल को जीतकर टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अनचाहे रिकॉर्ड के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। साल 1988 के बाद से भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी तरह के फाइनल में नहीं हराया है**

कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के लिये न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो रविवार को फाइनल में पार पाना ही होगा, लेकिन साथ ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को लेकर जज्बाती होने से भी बचना होगा। भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का भारत के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं।

### भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही दुबई में खेल चुके

क्रिकेट जगत का एक तबका सारे मैच दुबई में खेलने का अनुचित फायदा उठाने के लिए भारत की लगातार आलोचना कर रहा है, लेकिन अब इस तर्क में दम नहीं लगता ।

# भारत को याद दिलाये पुराने जख्म

**नई दिल्ली ।** चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में कुछ ही वक्त बाकी रह गया है। इससे पहले न्यूजीलैंड के ओपनर विल यंग का बड़ा बयान सामने आया है। यंग ने कहाकि ग्रुप स्टेज पर भारत से हार से बहुत फर्क नहीं पड़ने वाला। उन्होंने कहाकि हमारी टीम रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा की टीम की कमजोरियों का फायदा उठाएगी। इस मौके पर विल यंग ने साल 2000 में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को मिली जीत का खास जिक्र किया।



यंग ने डेवोन कॉन्वे और रचिन रविंद्र के साथ टूनार्मेंट में न्यूजीलैंड को अच्छी शुरूआत दी है। उन्होंने आईसीसी से कहाकि हम ग्रुप चरण की हार से काफी कुछ सीखे हैं। खासकर एक बल्लेबाज के तौर पर मैंने, लेकिन गेंदबाजों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को और उनके खेलने के तरीके को देखा। उन्होंने कहाकि उनके खेलने की शैली को देखा और इन हालात में वह किस तरह खेलेंगे, इसे भी समझा। अच्छा खेलने वाला जीतेगा 32 वर्ष के इ स । क्रिकेटर ने कहाकि भारत और न्यूजीलैंड ने कई रोमांचक मुकाबले खेले हैं और मैच के दिन जो टीम अच्छा खेलेगी, वही जीतेगी। उन्होंने कहाकि हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड ने बहुत अच्छे मुकाबले खेले हैं जिसमें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और 2023 विश्व कप सेमीफाइनल शामिल है। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैच के दिन अतीत की बातें मायने नहीं रखती। यंग ने कहाकि हम रविवार को चुनौतियों का सामना करने की कोशिश करेंगे और उम्मीद है कि दबाव का सफलता से सामना कर पायेंगे।

न्यूजीलैंड ने 24 साल पहले नैरोबी में भारत को हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी। यंग ने कहाकि 24 साल बाद फिर जीतना अच्छा रहेगा। उस समय मैं आठ साल का था और क्रिकेट से प्यार की शुरूआत ही हुई थी। मुझे वह टूनार्मेंट याद है और जिस दिन इस चैम्पियंस ट्रॉफी का अनावरण हुआ, स्कॉट स्टायरिस वहां थे और उन्होंने उस टूनार्मेंट के बारे में कई किस्से सुनाये। उम्मीद है कि हम उस कामयाबी को दोहरा सकेंगे।

# मुझे डर लग रहा है, न्यूजीलैंड हमारा दिल फिर दुखा सकता है, फाइनल से पहले अश्विन का बयान

**दुबई ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला रविवार को दुबई में खेला जाएगा। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि यह एक हाईवोल्टेज मुकाबला होगा। न्यूजीलैंड इससे पहले साल 2000 में भी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में हमें हरा चुका है। टीम इंडिया इसका बदला लेने उतरेगी। भारत ने अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है, जबकि न्यूजीलैंड ने सिर्फ एक मैच गंवाया है और वह भी भारत के खिलाफ। हालांकि, भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि कीवी एक बार फिर भारतीय फैंस का दिल दुखा सकते हैं। अश्विन ने कहा कि वह भारत की जीत की आशा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें डर भी लग रहा है। भारत को न्यूजीलैंड के हाथों 2021 विश्व



टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी हार का सामना करना पड़ा था।

अश्विन ने आलोचकों को दिया मुंहतोड़ जवाब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 भारत का लगातार तीसरा आईसीसी सीमित ओवरों का फाइनल है। इससे पहले टीम इंडिया 2023 वनडे विश्व कप फाइनल और 2024 टी20 विश्व कप फाइनल में भी पहुंची थी। इस पूरे चैंपियंस ट्रॉफी में एक बात जो आम रही है वह है भारत पर लगे आरोप। कई दूसरे देशों के क्रिकेटर्स ने भारतीय टीम पर एक स्थान पर खेलने के फायदे का आरोप लगाया था। उनका कहना है कि परिस्थितियों का बेहतर अंदाजा की वजह से टीम इंडिया जीत रही है। अब इस पर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर आलोचकों पर तंज कसा है और उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। अश्विन ने इसे आलोचकों के प्रोपेगेंडा का हिस्सा बताया है। घरेलू फायदा पर अश्विन का आलोचकों पर तंज उन्होंने कहा, 'मैं प्रेस कॉन्फ्रेंस में घरेलू फायदा के बारे में हमारे कप्तान, कोचों से पूछे गए सवालों पर बस हंस सकता हूं। 2009 चैंपियंस ट्रॉफी में दक्षिण अफ्रीका ने अपने सभी मैच एक ही स्थान पर खेले और वे फाइनल के लिए क्वालिफाई भी नहीं कर पाए। यह दक्षिण अफ्रीका की गलती नहीं है कि वे क्वालिफाई नहीं कर सके। इस बात को स्वीकार करना चाहिए कि भारत ने क्लास क्रिकेट खेला है और शानदार प्रदर्शन के कारण ही फाइनल में पहुंचे हैं।

# पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इस टीम को बताया जीत का प्रबल दावेदार, इस खिलाड़ी को बताया गेमचेंजर

**दुबई ।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है, लेकिन कहा कि फायदा ज्यादा नहीं होगा क्योंकि न्यूजीलैंड काफी मजबूत टीम है। भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

### आईसीसी रिव्यू में बोले रवि शास्त्री

न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था। न्यूजीलैंड ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात दी। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री ने 'द आईसीसी





रिव्यूह्व में कहा, 'अगर भारत को कोई टीम हरा सकती है तो वह न्यूजीलैंड है। भारत प्रबल दावेदार है लेकिन बहुत ज्यादा फायदा नहीं है।' न फिलिप्स होंगे एक्स फैक्टर' भारत और न्यूजीलैंड का सामना 2000 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भी हुआ था जिसमें न्यूजीलैंड ने चार विकेट से जीत दर्ज की थी। 62 वर्ष के शास्त्री ने न्यूजीलैंड के चार खिलाड़ियों का जिक्र किया जो फाइनल का रुख बदल सकते हैं। उन्होंने रचिन रवींद्र को बेहद प्रतिभाशाली करार दिया।

जबकि केन विलियमसन की ह्यस्थिरता और संत जैसे शांत स्वभाव की तारीफ की। उन्होंने कप्तान मिचेल सेंटनेर को बुद्धिमान कप्तान और ग्लेन फिलिप्स को टीम का ह्यएक्स फैक्टर कहा।

### विराट कोहली हो सकते हैं गेमचेंजर'

शास्त्री ने विराट कोहली के मौजूदा फॉर्म को ह्यगेम चेंजरह्व करार दिया जबकि निर्णायक क्षणों में अच्छे प्रदर्शन के लिए विलियमसन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा,

# कैफ ने किया जबर्दस्त दावा

**नई दिल्ली ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल खेला जाना है। दोनों टीम दुबई के मैदान पर आमने-सामने होंगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अभी तक टूनार्मेंट में अजेय है और लीग चरण के बाद कीवियों को एक बार फिर मात देने की फिराक में होगी। खिताबी मुकाबले से पहले पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने हार्दिक पांड्या को लेकर जबर्दस्त दावा किया। उन्होंने धाकड़ तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक को भारत का असली इम्पैक्ट प्लेयर करार दिया। कैफ ने कहा कि वह फाइनल में गर्दा उड़ाएंगे। कैफ ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "हार्दिक पंड्या भारत के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर हैं। वह असली इम्पैक्ट प्लेयर हैं। वह जब होते हैं तो टीम इंडिया 12 खिलाड़ियों के साथ खेलती है। वह अच्छे पेसर और बेहतरीन फिनिशर हैं। 2023 के वर्ल्ड कप फाइनल में भारत को उनकी बहुत कमी खली। वह रविवार को भारत और न्यूजीलैंड मैच में अंतर पैदा कर सकते हैं।



बेस्ट टीम (भारत) की जीत की कामना करता हूं।"

बता दें कि हार्दिक 2023 में वनडे वर्ल्ड कप में टखने की चोट के कारण चौथे मैच से ही बाहर हो गए थे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में चोट लगी थी। भारत ने वर्ल्ड कप में लगातार 10 जीत करने के बाद फाइनल में एंट्री की थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने खिताब का सपना चकनाचूर कर दिया।

# चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए पिच तय, स्पिनर्स होंगे घातक





**ग्राउंड स्टाफ ने कथित तौर पर फाइनल से पहले पूरे मैदान में पानी डाला और उसके बाद भारत-न्यूजीलैंड के बीच फाइनल के लिए सेंटर विकेट को चिह्नित किया। यह वही विकेट है जिसका उपयोग टूनार्मेंट के ग्रुप चरण में हाई-प्रोफाइल भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए किया गया था**

**दुबई ।** भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल के लिए पिच का चयन कर लिया गया है। दुबई में खिताबी मुकाबले में अब बस कुछ ही घंटे का वक्त बचा है। हालांकि, उससे पहले अधिकारियों ने उस पिच पर फैसला ले लिया है, जिसको रविवार को उपयोग में लाया जाएगा।



टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहले इस्तेमाल की जा चुकी पिच का इस्तेमाल किया जाएगा। अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने दुबई में पिचों के लिए अपनी दो सप्ताह के आराम की नीति को बनाए रखा है। दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों से पहले वहां आईएलटी 20 की मेजबानी की गई थी। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल के लिए पहले इस्तेमाल की जा चुकी पिच का उपयोग करने के अलावा आईसीसी के पास कोई अन्य विकल्प नहीं था।

इस पिच का आखिरी बार इस्तेमाल 23 फरवरी को भारत बनाम पाकिस्तान मैच के दौरान किया गया था। अब इसका उपयोग 09 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया जाएगा। इससे पहले भारत के पूर्व कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री ने कहा था, 'अगर आप चैंपियंस ट्रॉफी में इस्तेमाल की गई पिचों को देखें तो क्यूरेटर और मैदानकर्मियों ने सुनिश्चित किया कि पिच को इस्तेमाल में लिए जाने से पहले कम से कम दो हफ्ते का आराम मिले। यहां तक कि जब क्छ्ळ20 चल रहा था, तब भी मैच से पहले दो सप्ताह तक भारत बनाम बांग्लादेश मैच के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पिच का उपयोग नहीं किया गया था। उसके बाद भी क्यूरेटर ने इसी तरह का दृष्टिकोण अपनाया है।'

**रवि शास्त्री ने मैच को लेकर दिया था बयान :** उन्होंने कहा, 'आईएलटी20 चल रहा था, लेकिन मैदानकर्मियों की नजरें चैंपियंस ट्रॉफी पर थीं। सिर्फ स्क्वायर ही नहीं, आउटफील्ड को बहुत महत्व दिया गया था और यही कारण है कि इतना क्रिकेट होने के बाद भी यहां इतनी हरी-भरी आउटफील्ड है।

# ड्रेसिंग रूम जडेजा का मूल्य समझता है, फाइनल से पहले मुख्य कोच गंभीर ने ऑलराउंडर को सराहा

**दुबई ।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की जमकर सराहना की है। गंभीर का कहना है कि जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमेशा रडार से बाहर रहते हैं। कोच ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले से पहले कहा कि भारतीय ड्रेसिंग रूम जडेजा का मूल्य अच्छी तरह समझता है। मालूम हो कि 2009 में डेब्यू के बाद से ही जडेजा भारतीय टीम के महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं।

### 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में किया था प्रभावित

36 वर्षीय जडेजा 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। उस समय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। जडेजा ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। मौजूदा टूनार्मेंट में जडेजा अपनी गेंदबाजी से उपयोगी साबित हुए हैं। फाइनल से पहले आईसीसी से बात करते हुए



गंभीर ने कहा कि जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर ज्यादा चर्चा नहीं होती है, लेकिन यह ऑलरआउंडर भारतीय टीम के लिए अहम है।

गंभीर ने जडेजा को बताया सर्वश्रेष्ठ ऑलरआउंडर

भारतीय कोच का मानना है कि फिलहाल जडेजा विश्व क्रिकेट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर में से एक हैं और भारतीय ड्रेसिंग रूम उनका मूल्य जानता है। गंभीर ने कहा, मुझे हमेशा से ऐसा लगता है कि जडेजा रडार से बाहर रहते हैं। मेरे ख्याल से वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके बारे में हम ज्यादा बात नहीं करते हैं। आप देखें उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए क्या किया है, चाहे वो टेस्ट प्रारूप हो, टी20 या वनडे हो। मुझे लगता है कि जडेजा भारतीय क्रिकेट के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा, जडेजा ने ना सिर्फ बल्ले और गेंद, बल्कि फील्ड पर भी जो किया उससे वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर में शामिल हैं। ड्रेसिंग रूम में हम सभी जडेजा का मूल्य समझते हैं।

# भारत को रचिन-विलियमसन से रहना होगा सावधान, बल्लेबाजी में दिखी मजबूती

**दुबई ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच के लिए दोनों टीमों के साथ ही क्रिकेट प्रशंसक भी तैयार है। भारतीय टीम ने इस टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया है और अजेय रहते हुए फाइनल में जगह बनाई है। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को अब तक एकमात्र भारत से ही मिली है जब रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने कीवियों को ग्रुप चरण में हराया था।

भारत चैंपियंस ट्रॉफी में प्रबल दावेदार के रूप में उतरा था और उसने अपने अभियान की शुरूआत बांग्लादेश के खिलाफ जीत से की। इसके बाद भारतीय टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हुआ, जहां टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। भारत का विजयी अभियान ग्रुप चरण के अंतिम मैच में भी जारी रहा और टीम न्यूजीलैंड को




हराकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रही। भारत के सामने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की बड़ी चुनौती थी, लेकिन टीम ने कंगारूओं को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत की थी और फिर बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार मुकाबले से पहले हालांकि, उसे भारत के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इसके बाद सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दमदार प्रदर्शन किया और दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। आंकड़ों में भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमें मजबूत दिख रही हैं।

बल्लेबाजी से भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। कप्तान रोहित शर्मा भले ही बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं, लेकिन आक्रामक शुरूआत दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। शुभमन गिल अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन पिछले दो मैचों में सस्ते में आउट हुए हैं। विराट कोहली और श्रेयस अय्यर भी पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना दम दिखा चुके हैं। श्रेयस मध्यक्रम में मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने किया महिलाओं को सम्मानित






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन संस्था के संस्थापक, अध्यक्ष शिक्षा विद रामदुलार यादव के नेतृत्व में किया गया। महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ वंदना तंवर की उत्कृष्ट सेवा के लिए तथा नशा मुक्ति अभियान संचालन करने वाली लज्जा यादव को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाजसेवीका फूलमती यादव ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष राज देवी चौधरी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉक्टर बिशन लाल गौड़ रहे, समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कार्यक्रम को संबोधित किया तथा अभिनंदन पत्र पढ़कर लोगों को अवगत कराया कार्यक्रम को भूतपूर्व अधिकारी कर्नल अर्जुन सिंह यादव ने भी संबोधित किया। संगीतकार हुकुम सिंह ने मां के गीत सुना कर समारोह में शामिल सभी लोगों को आत्मविभोर कर दिया। रामदुलार यादव ने कहा की आज भारत में ही नहीं पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। हम इस अवसर पर सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई देते हैं, इस संकल्प के साथ कि हम महिलाओं के साथ होने वाले किसी भी अन्याय अत्याचार अनाचार के विरोध में संघर्षरत रहेंगे। उनके जीवन में समता, समानता, न्याय और बंधुता के लिए प्रयास करेंगे गैर बराबरी, रूढ़िवाद पाखंड, कुरीतियों और मानसिक गुलामी से मुक्त करने का काम करेंगे। क्योंकि आज सबसे ज्यादा अंधविश्वास में हमारी बहनें और बेटियां प्रभावित हैं। उन्हें जब तक पाखंड से मुक्त नहीं मिलेगी तब तक असमानता दूर नहीं होगी। आज आजादी के 75 वर्ष बाद भी सबसे ज्यादा रूढ़िवाद अंधविश्वास भ्रम की शिकार हमारी बहनें हैं, कम पढ़े-कम्प लिखे चालक लोग आसानी से इन्हें भ्रम में डाल देते हैं कितना हास्य पद है कि आज भी जादू मंत्र, टोना, टोटका मे देश की अधिकतर महिलाएं विश्वास करती हैं। इस अवसर पर सीमा त्यागी, राज देवी चौधरी, लज्जा यादव, समाजसेवीका फूलमती यादव, श्रीमती दीपशिखा, डॉ विशाल लाल गौड़, वीरेंद्र यादव एडवोकेट, ब्रह्म प्रकाश सम्राट सिंह, ओम प्रकाश अरोड़ा, वीर सिंह सेन, राम प्यारे यादव, श्रीनिवास यादव, शंभू नाथ जायसवाल, विश्वनाथ यादव, शाहनवाज हुसैन, हाजी मोहम्मद सलाम, हुकुम सिंह, राम जन्म, मुनीम यादव, प्रभात शंकर मिश्र, यस तिवारी, बालकरण यादव, श्रीमती राकेश डोगरा, डॉक्टर देवकरण चौहान, इंजीनियर धीरेंद्र यादव, यासीन भाई, विजय भाटी एडवोकेट, प्रेमचंद पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला दिवस पर जन मानव उत्थान समिति का कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन मानव उत्थान समिति द्वारा कुष्ठ आश्रम की महिलाओं को किया गया सम्मानित एवं मासिक धर्म पर किया जागरूक, बांटे सेनेटरी पैड।





आज जन मानव उत्थान समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशी शर्मा के नेतृत्व में समिति की पदाधिकारी ने गाजियाबाद स्थित कुष्ठ आश्रम में जाकर वहां की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का महत्व समझाया एवं उन्हें मासिक धर्म के दौरान किस प्रकार से स्वच्छ और स्वस्थ रहना है पूरी जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान वहां की सभी महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ खाद्य सामग्री एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया एवं स्वच्छ रहने के लिए सभी को सेनेटरी पैड वितरण किए गए। इस अवसर पर कुष्ठ आश्रम की सभी महिलाओं का सहयोग सराहनीय रहा एवं सभी ने महिला दिवस पर मजबूत होने की शपथ ली देश के प्रति श्रद्धा एवं समाज में आगे बढ़ने की शपथ ली। इस अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशी शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को एक प्रेरणा देता है कि वह देश में मजबूत होकर आगे बढ़ने का काम करें हमारी और हमारी संस्था की कोशिश होगी कि हम महिलाओं को स्वच्छ व स्वस्थ एवं मजबूत बनने पर निरंतर कार्य करें ताकि हमारी बहनें मजबूत हों और देश की तरक्की में अपनी सहभागिता दें।

इस अवसर पर हिमांशी शर्मा, राविया राधा, चौधरी पूनम मिश्रा, सुचेता सिंह, साधना सिंह, बबीता चौधरी, सुमन शर्मा, रेखा चौधरी, हेमलता सिंह, शकुंतला रानी आदि उपस्थित रहीं।




## हो गई एक और एसीपी की फेयरवेल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से लगातार अधिकारियों के आने और जाने का सिलसिला चल रहा है। इसी कड़ी में लंबे समय से गैर जनपद ट्रांसफर पर पुलिस कमिश्नरेट में सेवा देने वाले नदियापार के एसीपी की आखिरकार कमिश्नरेट से फेयरवेल हो ही गई है। उधर सूत्रों से जानकारी मिली है कि दो दिन पूर्व एसीपी को फेयरवेल मिल गई है। बीते दिनों उनको रिलीव कर दिया गया था, जिसके बाद वह कई दिनों की छुट्टी पर गए थे। उनके लौटने के बाद अब वह दूसरे जनपद के लिए रवाना हो गए हैं। सूत्रों ने बताया है कि उनका फेयरवेल भी पिछले कई एसीपी से बढ़िया दिया गया है। तो वहीं गाड़ी भी फूलों की माला से सजाकर रवाना की गई है। जिन्होंने गाड़ी देखी वह बता रहे हैं की गाड़ी ऐसी सजी थी कि जैसे किसी पुलिसकर्मी नहीं बल्कि दूल्हे राजा की सवारी वाली हो। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले उनको लंबे समय तक होल्ड पर रखा गया हो, पर उनके वर्किंग स्टाइल की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में गूंज रहेगी। वह देहात वाले सर्किल में भी लंबी पारी खेल चुके थे। तो उनका अपने काम की वजह से डंका भी बजा है। तो वहीं ट्रांस हिंडन में भी उन्होंने बेहतर रफ्तार से काम किया था। तमाम बदमाशों का इलाज करने से लेकर पुलिस के ऑपरेशन लंगड़े को उन्होंने जमकर आगे बढ़ाया था। कई बड़े खुलासे भी उनकी गुड वर्किंग लिस्ट में यहां से दर्ज होकर गए हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से उनको लंबे समय तक गाजियाबाद में ही रखा गया। उसके बाद कई तरीके की चर्चा थी लेकिन जिस तरीके से उनका विदाई वाला समारोह हुआ है। उसके बाद कई चीजे ऑल क्लियर हो गई हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से गाजियाबाद से एक के बाद एक बलिया वाले अधिकारी जा रहे हैं, उसकी भी लखनऊ में चर्चा हो रही है। बता दें की एक समय था कि जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बलिया के मूल निवासियों की संख्या आधा दर्जन से अधिक थी और अब यह संख्या कम होती चली जा रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से एसीपी ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नंबर एक वाली पारी खेली थी, अब देखना होगा कि नंबर वन के पायदान पर कौन काबिज होगा और कौन उनके वर्किंग स्ट्राइक रेट को जारी रखेगा।



## आईएमएस युनिवर्सिटी में हुआ स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** २आईएमएस गाजियाबाद (युनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) में एंटरप्रेन्योरशिप सेल (ई-सेल) एवं गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र/ छात्राओं को उद्यमिता की जानकारी देना तथा इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ) राकेश छारिया, मुख्य अतिथि श्री सुजीत पाणिग्रही (फाउंडर एवं सीईओ, सेकोईआ फिटनेस एंड स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी प्रा. लि.), विशिष्ठ अतिथि अपूर्वा पांडेय (ओनर, गीतांजलि स्टूडियो), डॉ. महिप सिंह (हेड, इनोवेशन हब, डॉ.ऐपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी), श्री एन के ढांड (चेयरमैन माइक्रोमेटिक ग्राइंडर टेक्नोलॉजीस) एवं संस्थान की निदेशिका डॉ. पूजा रस्तोगी द्वारा सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में आकाश दीप (फॉउन्डिंग पार्टनर उन्नति वेंचर इंडिया), गौतम झा (फाउंडर एंड सीईओ वेंटर माइंडस), आशीष जैन (फाउंडर एंड सीईओ- दी स्टार्टअप बोर्ड), राजेश रंजन (फाउंडर ओएस एंजेल्स नेटवर्क), मोनिका चौहान (जनरल मैनेजर एसएससीबीएस इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन फाउंडेशन), गौतम अग्रवाल (सीनियर एसोसिएट- सुनिकरण वेंचर) एवं डॉ. ईश आनंद (बोर्ड मेंबर आई कैपिटल वेंचर्स) जज के रूप में उपस्थित रहे जिनके द्वारा कार्यक्रम के प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया एवं अंत में विजित प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इन्द्राणी भट्टाचार्जी एवं डॉ. सुरभि जौहरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन उपस्थित जन का धन्यवाद कर किया गया।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल अध्यक्ष अनिल सांवरिया ने शनिवार को उत्तर प्रदेश कमर्शियल टैक्स कमिश्नर नितिन बंसल से शिष्टाचार मुलाकात की साथ में वरिष्ठ समाज सेवी देवेंद्र हितकारी, लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन, बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया संगठन के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, अमृत स्टील कंपाउंड के अध्यक्ष सत्य भूषण अग्रवाल। कमिश्नर साहब से जीएसटी के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई एवं व्यापारियों की आम समस्याओं से कमिश्नर साहब को अवगत कराया। कमिश्नर नितिन बंसल ने व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए जीएसटी गाजियाबाद के उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया।

# महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिसकर्मियों का किया सम्मान








**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2025 को भारतीय जनता पार्टी महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण करने के रूप में मनाया गया। शनिवार को एंटी करप्शन इंटरनेशनल काउंसिल की टीम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कौशांबी पिंक बूथ चौकी पर महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा व वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह रहे। इस दौरान सचिन डेढ़ा एवं अतर सिंह ने पिंक चौकी में उपस्थित सभी महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। सचिन डेढ़ा ने बताया कि यह महिला पुलिसकर्मी आई है, जो दिन-रात अपने परिवार को छोड़कर ड्यूटी करती रहती है। जिससे कि आप और मैं और हमारा परिवार शांति से चेन और अमन से घर सुरक्षित रह सके क आगे सचिन डेढ़ा ने बताया कि यह एक बहुत विशेष दिन है और यह दिन महिलाओं के अधिकारों उनकी उपलब्धियों, और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली स्कीमों का लाभ दिलाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए भी विशेष रूप से अभियान चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी कौशांबी संदीप सिंह, एंटी करप्शन इंटरनेशनल काउंसिल के अध्यक्ष मुकुल शर्मा, पिंक बूथ चौकी इंचार्ज दुष्यंत नीम, नवीन उप्पल, कामिनी भदोरिया, मोहन दास, पूजा मेहरा सहित महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रहीं।

# सर्विस रोड पर पशु अवशेष मिलने पर ग्रामीणों और गौरक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन





**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित मूंजखेड़ा गांव के पास एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सर्विस रोड के नजदीक संदिग्ध पशुओं के अवशेष मिलने से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। स्थानीय गौरक्षा दल के नेता त्रिलोक नागर और विवेक कसाना के अनुसार, शनिवार को उन्हें इस घटना की जानकारी मिली।

मौके पर पहुंचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि अवशेष गौवंश के हो सकते हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे। हालांकि, पशु चिकित्सक द्वारा सैंपल लेने में बरती गई कथित लापरवाही पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसीपी अरविंद कुमार ने बताया कि अवशेष के सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रही है। ग्रामीणों ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# जीडीए की कार्रवाई का विरोध, बुलडोजर लेकर पहुंची टीम को महिलाओं ने रोका

## 15 लाख सुविधा शुल्क मांगने का आरोप



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर के गांव बसंतपुर सैतली स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की ध्वस्तीकरण कार्रवाई विफल रही। जीडीए की टीम जब बुलडोजर लेकर कॉलोनी पहुंची तो स्थानीय महिलाओं ने इसका जोरदार विरोध किया। कॉलोनी में 15 से अधिक परिवार पिछले 5-6 वर्षों से रह रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जीडीए के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अधिकारी 15 लाख रुपए सुविधा शुल्क की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने जीडीए अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कॉलोनी पहले से विकसित है। ऐसे में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई उचित नहीं है। भारी विरोध के चलते जीडीए की टीम को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा। जीडीए के सहायक अभियंता पीयूष सिंह ने लोगों के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि अब पुलिस बल के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# नकली शराब गिरोह का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में अंतरराज्यीय शराब तस्करी गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चंडीगढ़ से अवैध शराब लाकर एनसीआर के विभिन्न इलाकों में ब्रांडेड कंपनियों की खाली बोतलों में भरकर बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब दो लाख रुपए कीमत की 19 पेटी अवैध शराब बरामद की है। इसके अलावा ब्रांडेड कंपनियों की खाली बोतलें, पव्वे के ढक्कन, सील और स्टीकर भी मिले हैं। गिरफ्तार आरोपियों में मेरठ के बागपत रोड निवासी योगेश और गोपाल रोड के रहने वाले दिनेश शामिल हैं। दोनों को शुक्रवार को किठोर रोड पर असौड़ा की तरफ जाने वाले रास्ते से पकड़ा गया। रढ केजी सिंह के मुताबिक, आरोपी बड़े ट्रैवल बैग में खाली कट्टों में शराब छिपाकर बसों से यात्रा करते थे। होली से पहले की गई इस कार्रवाई में पकड़े गए दोनों तस्कर शातिर किस्म के अपराधी हैं। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपियों ने किन-किन जगहों पर नकली शराब की सप्लाई की है।

# खुले में शराब पीने वालों पर 3 घंटे के विशेष अभियान में 649 लोग गिरफ्तार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने शहर में खुले में शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के बाद एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन - शहर, देहात और ट्रांस हिंडन में 3 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में सड़क किनारे, शराब की दुकानों के पास और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए कुल 649 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद 34 पुलिस एक्ट के तहत इनका चालान किया गया। शहर जोन के डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, उनके क्षेत्र में 226 लोगों को पकड़ा गया। इनमें कोतवाली नगर से 71, विजयनगर से 69, सिहानी गेट से 30, नंदग्राम से 47, कवि नगर से 29 और मधुबन बापूधाम से 32 लोग शामिल हैं। ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 144 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें इंदिरापुरम से 22, कौशांबी से 30, खोड़ा से 17, साहिबाबाद से 19, लिंक रोड से 15, शालीमार गार्डन से 18 और टीला मोड़ से 23 लोग शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान पिछले दो महीनों से चल रहा है। इस विशेष अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे।

## खनन माफिया ने किया जांच टीम पर हमला

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में अवैध खनन की जांच करने गई जिला खनन विभाग की टीम पर खनन माफियाओं ने हमला कर दिया। जेवर कोतवाली क्षेत्र के नीमका गांव के जंगल में यह घटना हुई। टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए। जिला खनन अधिकारी उत्कृष्ट त्रिपाठी को सूचना मिली थी कि नीमका गांव के जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। शुक्रवार की देर रात टीम मौके पर पहुंची। खनन माफियाओं ने टीम को देखते ही अपने वाहनों से रास्ता रोक दिया। जब टीम पैदल ही हाईवे और जेसीबी की तरफ जाने लगी, तब आरोपियों ने टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। टीम के सदस्यों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर अपने वाहनों से फरार हो गए। टीम ने दो आरोपियों की पहचान कर ली है। जिला खनन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मोहित और गिरीश समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इन दिनों देश भर में भगवान राम की कथाओं का सिलसिला चल रहा है। बड़े-बड़े कथावाचक और कवि भगवान राम का जीवन प्रसंग सुना रहे हैं। शनिवार को मुरादनगर में आयोजित एक राम कथा महोत्सव में विधायक अजीत पाल त्यागी पहुंचे। वहां उन्होंने व्यास पीठ पर बैठे महाराज से आशीर्वाद लिया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने जब सोशल मीडिया पर यह पोस्ट साझा की तो उस पर जय श्रीराम लिखने वालों की लाइन लग गई। यह पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम की पोस्ट ऑफ द डे।

# पाकिस्तान में गहराया जल संकट, जल प्राधिकरण ने किसानों को दी चेतावनी- 35 फीसदी तक हो सकती है कमी

**इस्लामाबाद ।** ऐसे में वे हालात के लिए तैयार रहें। दरअसल पाकिस्तान के दो प्रमुख जलाश्यों में पानी की भारी कमी है। पाकिस्तान के जल प्राधिकरण की यह चेतावनी ऐसे समय आई है, जब पाकिस्तान में गेंहू की फसल का मौसम चरम पर है, लेकिन इस फसल के लिए ज्यादा पानी की जरूरत है।



**पाकिस्तान इन दिनों पानी की कमी से जूझ रहा है। अब पाकिस्तान के जल प्राधिकरण ने देश के किसानों से अपील की है कि इस साल 35 प्रतिशत तक पानी कम उपलब्ध रहेगा**


### जल प्राधिकरण ने पत्र लिखकर दी चेतावनी

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी (क्ष्र ं) ने शुक्रवार को पंजाब और सिंध के किसानों को 35 फीसदी पानी की कमी के लिए तैयार रहने को कहा है। पाकिस्तान के तरबेला और मंगला बांधों में तेजी से पानी तय मानकों से कम हो रहा है। प्राधिकरण ने सिंचाई सचिवों को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है। इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, तरबेला बांध में पानी का स्तर 1409 फीट है, जो तय न्यूनतम मानकों से सिर्फ नौ फीट ज्यादा है। तरबेला बांध में 17 हजार क्यूसेक पानी आता है, वहीं बांध से 20 हजार क्यूसेक पानी निकाला जाता है।

**पाकिस्तान के दोनों प्रमुख जलाश्यों में पानी की भारी कमी :** इसी तरह से मंगला बांध में अपने न्यूनतम जल स्तर से महज 28 फीट ज्यादा ही पानी मौजूद है। मंगला बांध में हर रोज 16,400 क्यूसेक पानी आता है और बांध से रोजाना 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है। यही वजह है कि दोनों जलाश्यों में तेजी से पानी कम हो रहा है। इसरा ने आशंका जताई है कि कुछ ही दिनों में दोनों जलाश्यों में पानी अपने न्यूनतम स्तर को छू सकता है। पाकिस्तान में अभी गेहूं की फसल की बुवाई चल रही है, ऐसे में पानी की कमी का व्यापक असर पड़ सकता है।

# 2008 में कनाडा को वित्तीय संकट से उबारा, ले सकते हैं ट्रूडो की जगह, सामने होगी ये चुनौती

**टोरंटो ।** कनाडा का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? ये सवाल कई महीनों से सामने आ रहा है। दूसरी ओर अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ को लेकर तनाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिसके बाद ये अत्यधिक जरूरी हो गया है कि कनाडा जल्द से जल्द नए प्रधानमंत्री का चयन करे, क्योंकि कनाडा ट्रंप के व्यापार युद्ध और उनके भड़काऊ बयानों से उत्पन्न बढ़ते अमेरिकी तनाव से जूझ रहा है।इस बीच संकट प्रबंधन में माहिर और अनुभवी केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी का नाम कनाडा के प्रधानमंत्री के मुख्य दावेदार के रूप से सामने आ रहा है। देखा जाए तो कार्नी रविवार को लिबरल पार्टी द्वारा अपनी नेतृत्व घोषणा के साथ निवर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने के लिए सबसे प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। कौन है मार्क कार्नी, एक नजर कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी 59 वर्ष की आयु में एक स्थिर और प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे हैं। 2008 के वित्तीय संकट के दौरान उनके नेतृत्व ने कनाडा को अन्य देशों की तुलना में बेहतर तरीके से इस आर्थिक तूफान से उबारने में मदद की, जिसके कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी प्रशंसा मिली। उनका प्रमुख योगदान यह था कि उन्होंने ब्याज दरों पर स्पष्ट मार्गदर्शन दिया, जिससे व्यवसायों और परिवारों को आश्वस्त किया गया। इसके अलावा, उन्होंने जटिल वित्तीय नीतियों को सरल भाषा में समझाया, जिससे उन्हें अर्थशास्त्रियों के बीच विश्वसनीयता प्राप्त हुई। नेतृत्व की दौड़ में कार्नी सबसे आगे जनवरी में नेतृत्व की दौड़ में कदम रखने के बाद से कार्नी ने अपनी स्थिति मजबूत की है। उन्होंने लिबरल पार्टी के कई कैबिनेट मंत्रियों और सांसदों का समर्थन प्राप्त किया है, जिससे उनकी दावेदारी मजबूत हुई है। उनकी मुख्य प्रतिद्वंदी, पूर्व उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड, जिन्होंने दिसंबर में ट्रूडो की सरकार से इस्तीफा दे दिया था समय के साथ अब एक कमजोर दावेदार मानी जाती हैं। ट्रूडो के इस्तीफे के बाद नेतृत्व का सवाल कनाडा में राजनीतिक बदलाव के कारण प्रमुख कारणों में अमेरिकी से बढ़ते आर्थिक और कूटनीतिक तनाव हैं। ट्रंप के आक्रामक व्यापार नीतियों और कनाडा को 51वां राज्य बनाने के बारे में उनकी भड़काऊ टिप्पणियों ने कनाडा में राष्ट्रवादी भावना को बढ़ावा दिया है। कनाडाई नागरिकों ने अमेरिकी राष्ट्रगान का विरोध किया है और अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार किया है। इन घटनाओं ने सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी को आगामी चुनावों में बढ़त दिलाई है। ऐसे समय में ट्रूडो के पद छोड़ने के फैसले ने आगामी नेतृत्व चुनाव को कनाडा की वाशिंगटन के साथ अस्थिर होते संबंधों को संभालने की क्षमता का जनमत संग्रह बना दिया है आगे क्या होगा?, एक नजर लिबरल पार्टी द्वारा आयोजित नेतृत्व चुनाव में लगभग 140,000 पार्टी सदस्य हिस्सा लेंगे, और विजेता की घोषणा रविवार को होने की उम्मीद है। यदि नए लिबरल नेता द्वारा चुनावों की घोषणा की जाती है तो एक आकस्मिक चुनाव हो सकता है।




# उत्तर कोरिया ने पहली बार दिखाई परमाणु पनडुब्बी की झलक, अमेरिका और दक्षिण कोरिया की बढ़ेगी चिंता

**नई दिल्ली ।** उत्तर कोरिया ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली निमार्णाधीन पनडुब्बी को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया है। यह घातक हथियार दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। शनिवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस पनडुब्बी की तस्वीरें जारी की। इस दौरान किम जोंग उन ने उस शिपयार्ड का दौरा किया जहां यह युद्धपोत का निर्माण किया जाता है।



कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंस या केसीएनए ने पनडुब्बी से जुड़ी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की लेकिन कहा कि किम जोंग उन को इसके निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। दक्षिण कोरियाई परमाणु पनडुब्बी विशेषज्ञ मून केउन-सिक सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पनडुब्बी 6 या 7 हजार टन क्लास की हो सकती है और यह 10 मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि इस तरह के हथियारों को स्ट्रैटिजिक गाइडेड मिसाइल कहा जाता है। आसान भाषा में कहें तो यह परमाणु संपन्न हथियारों को ले जाने में सक्षम पनडुब्बी है।

किम जोंग उन ने 2021 में एक बड़े राजनीतिक आयोजन के दौरान घातक और एडवांस हथियार विकसित करने की कसम खाई थी ताकि अमेरिका की अगुवाई में मिलने वाली सैन्य चुनौती का सामना किया जा सके। इसी के तहत परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कई अन्य हथियार भी विकसित किए जा रहे हैं जिनमें अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें, हाइपरसोनिक हथियार, जासूसी उपग्रह और मल्टी-वॉरहेड मिसाइलें शामिल हैं। उत्तर कोरिया का पानी के नीचे से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करना उसके विरोधियों के लिए चिंता का सबब बन सकता इस तरह के हथियारों का दागे जाने से पहले पता लगाना मुश्किल होता है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि भारी प्रतिबंधों और गरीबी का सामना कर रहा नॉर्थ कोरिया न्यूक्लियर पनडुब्बियों के निर्माण के लिए संसाधन और तकनीक कैसे हासिल कर रहा है।

पनडुब्बी विशेषज्ञ मून इस बात का जवाब देते हैं। उनका कहना है कि उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को सैनिकों और पारंपरिक हथियार की आपूर्ति कर रहा है।

# कनाडा के टोरंटो में गोलीबारी पब में फायरिंग से 12 लोग घायल

**टोरंटो ।** पूर्वी टोरंटो के एक पब में गोलीबारी की घटना हुई है। इस गोलीबारी में 12 लोग घायल हुए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को टोरंटो के स्कारब्रो टाउन सेंटर मॉल के नजदीक स्थित पब में गोलीबारी हुई। घायलों में कई की हालत गंभीर है। हमलावर फरार है, जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 10.40 बजे हुई।





शुरूआत में 11 लोगों के घायल होने की खबर थी, लेकिन बाद में कनाडा पुलिस ने 12 लोगों के घायल होने की पुष्टि की। घायलों में से छह को मामूली चोटें लगी हैं, अन्य की चोटें गंभीर बताई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर ने काला जैकेट पहना हुआ था और वह एक सिल्वर रंग की कार में भागता हुआ देखा गया। पुलिस ने लोगों को घरों के भीतर ही और चौकन्ना रहने की सलाह दी है। ताजा अपडेट में पुलिस ने बताया है कि हमले में तीन लोग शामिल हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

उल्लेखनीय है कि साल 2022 में भी कनाडा के नोवा स्कोटिया में गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें 22 लोगों की मौत हुई थी। उसे कनाडा के इतिहास की सबसे खतरनाक गोलीबारी की घटना माना जाता है।

# अब कोलंबिया विश्वविद्यालय पर चला ट्रंप प्रशासन का हंटर, रद्द किए 40 करोड़ डॉलर के अनुदान

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने यहूदी छात्रों के लगातार उत्पीड़न के मामले में निष्क्रियता बरतने के कारण कोलंबिया विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले 40 करोड़ डॉलर (3,486 करोड़ रुपये) के अनुदान और अनुबंध को रद्द कर दिया है। यहूदी विरोधी भावना से निपटने के लिए संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया था, जिसमें न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव सेवा और सामान्य सेवा प्रशासन शामिल थे।



शुक्रवार टास्क फोर्स के सदस्य विभागों की तरफ से यह घोषणा की गई। इसमें यह भी कहा गया है कि विश्वविद्यालय के खिलाफ पहले चरण की कार्रवाई में ये अनुदान और अनुबंध रद्द किए गए हैं। टास्क फोर्स अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर अभी जांच जारी रखे है और आगे अभी इस तरह की और कार्रवाई हो सकती है। पूर्व में ट्रंप ने दिया था ये आदेश गौरतलब है कि कुछ दिन पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी स्कूलों में यहूदी विरोध और ऐसी शिक्षा पर रोक लगाने का आदेश दिया था, जो नस्ल और लिंग-भेद को बढ़ावा देती है।गाजा पर हमले के बाद इस्राइल को अमेरिकी समर्थन बंद करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों में कोलंबिया विश्विविद्यालय केंद्र में था। विरोध प्रदर्शनों और उसके जवाब में किए गए विरोध प्रदर्शनों में यहूदी-विरोधी भावना और इस्लामोफोबिया के आरोप लगे थे। कोलंबिया ने पहले कहा था कि उसने यहूदी-विरोधी भावना से निपटने के लिए प्रयास किए हैं।

# साल 2023 के रेल हादसे को लेकर ग्रीस में बवाल, संसद के बाहर फेंके गए बम

**एथेंस ।** ग्रीस के दो शहरों में शुक्रवार को हिंसक भड़क गई। यह हिंसा साल 2023 में हुए रेल हादसे के खिलाफ हुई। हिंसा के दौरान ग्रीस की राजधानी एथेंस में संसद के बाहर बम फेंके गए। यह हिंसा ग्रीस की संसद में सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने के दौरान हुई। पुलिस ने हिंसक प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस और स्टन ग्रेनेड दागे और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर पेट्रोल बम फेंके। सांसदों पर फेंके गए पर्चे ग्रीस की संसद में 2023 के रेल हादसे को लेकर तीन दिवसीय बहस चल रही थी। इस बहस में शुक्रवार को जैसे ही प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने बोलना शुरू किया, उसके कुछ देर बाद ही झड़पें शुरू हो गईं। शुक्रवार देर रात घोषित नतीजों के अनुसार, सरकार 157-136 वोट के अंतर से सरकार बचाने में सफल रही। वहीं संसद के अंदर, आगंतुकों की गैलरी में भी लोगों ने सांसदों पर पर्चे फेंके। हंगामे के बाद गैलरी को खाली करा लिया गया।



### रेल हादसे को लेकर घिरी सरकार

ग्रीस के उत्तरी शहर थेसालोनिकी में भी हिंसा हुई। गौरतलब है कि ग्रीस की सरकार को साल 2023 में हुए ट्रेन हादसे के लिए संसद में निंदा प्रस्ताव का सामना करना पड़ा। रेल हादसे में 57 लोग मारे गए थे और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए। यह रेल हादसा ग्रीस के टेम्पे शहर में 28 फरवरी 2023

# महाभियोग का सामना कर रहे दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून की रिहाई, फ्रांस ने सेनेगल को सौंपे सैन्य अड्डे

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक आईईडी विस्फोट में दो सुरक्षा अधिकारी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट बाजौर जिले के सालारजई के मुल्ला सईद इलाके में हुआ, जो अफगानिस्तान की सीमा से जुड़ा हुआ है।



बता दें कि विस्फोट सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाकर किया गया। सुरक्षा बल मौके पर पहुंचकर पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया। अब तक किसी भी समूह ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। सूडान में हैजा से 100 से अधिक लोगों की मौत सूडान के व्हाइट नाइल राज्य में जलजनित बीमारी हैजा का प्रकोप फैलने के बाद से पिछले दो हफ्तों में लगभग 100 लोग मारे गए हैं। 20 फरवरी से अब तक 2,700 लोग हैजा से संक्रमित हुए हैं, जिनमें से 92 की मौत हो चुकी है। यह जानकारी डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) ने शुक्रवार को दी। मार्टा कैजरोला ने दी जानकारी मामले में एमएसएफ के आपातकालीन समन्वयक मार्टा कैजरोला ने कहा कि मरने वालों में 18 बच्चे शामिल हैं, जिनमें 5 साल से कम उम्र के 5 बच्चे और 9 साल से कम उम्र के 5 अन्य बच्चे हैं। सूडान लगभग दो साल पहले युद्ध की चपेट में आ गया था, जब सूडानी सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (फ्रऋ) के बीच संघर्ष बढ़ गया था। इस युद्ध ने खार्तूम और देश के अन्य हिस्सों में भारी तबाही मचाई थी।

# हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफत मार्च में जमकर उत्पात और हिंसा, पुलिस से भिडंत, दागे गए आंसू गैस के गोले

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश में प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी संगठन हिज्ब उत-तहरीर ने शुक्रवार को देश के मौजूदा प्रशासन के आदेशों के खिलाफ ढाका में अक्तूबर 2009 के बाद अपनी पहली खुली रैली की। हजारों सदस्यों के साथ समूह ने जुमे की नमाज के बाद बैतुल मुकर्रम राष्ट्रीय मस्जिद के उत्तरी द्वार से ह्यखिलाफत के लिए मार्चह्व किया। इस दौरान मस्जिद के पास पुलिस और प्रतिबंधित संगठन के के बीच हिंसक झड़पें हुईं। जुलूस को रोकने के लिए कानून प्रवर्तन को भी दखल देना पड़ा।



झड़प के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले और ध्वनि ग्रेनेड दागे। प्रदर्शनकारी कुछ समय के लिए तितर-बितर हो गए, लेकिन बाद में वे फिर से जुटे और मार्च निकालने लगे। जैसे ही प्रदर्शनकारी पलटन से बिजॉयनगर की ओर बढ़े, तनाव बढ़ गया, जहां पुलिस ने नाकाबंदी की। जवाब में, हिज्ब उत-तहरीर के सदस्यों ने विरोध किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। जैसे-जैसे तनाव बढ़ा, कानून प्रवर्तन ने एक बार फिर आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जबकि प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर ईंट और पत्थर फेंककर जवाबी कार्रवाई की। हिज्ब उत-तहरीर के कई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।


हिज्ब उत-तहरीर एक वैश्विक इस्लामी खिलाफत संगठन है, जो खिलाफत की स्थापना की पैरवी करता है। उसका दावा है कि वह सभी मुस्लिम बहुल देशों को एक इस्लामी सरकार के तहत एकजुट करेगा। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह समूह बांग्लादेश में एक प्रतिबंधित संगठन बना हुआ है, इसकी सभी गतिविधियां और प्रदर्शन अवैध घोषित किए गए हैं। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हाल के दिनों में हुए हमलों के विरोध में हिज्ब ने यह मार्च निकाला था।

### भारत ने घोषित किया हुआ है आतंकी संगठन

भारत ने गत वर्ष हिज्ब-उत-तहरीर को आतंकी संगठन घोषित किया है। भारत ने कहा, यह गुट आतंकी संगठनों में शामिल होने और आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाकर भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने सहित विभिन्न खतरनाक कृत्यों में शामिल है। हमें उम्मीद बांग्लादेश सरकार हिंसा की उचित जांच करेगी : भारत वहीं, भारत ने हालिया बांग्लादेश हिंसा की जांच को लेकर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, बांग्लादेश में 5 अगस्त, 2024 से 16 फरवरी तक हिंसा की 2,374 घटनाओं में से सिर्फ 1254 की ही पुलिस ने पुष्टि की। इनमें भी 98 फीसदी घटनाएं राजनीतिक प्रकृति की हैं।

# मालदीव और चीन के बीच समुद्र संबंधी सहयोग

**माले ।** मालदीव और चीन के बीच समुद्र संबंधी सहयोग को लेकर एक बड़ी बात सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि मालदीव और चीन के बीच हिंद महासागर में मछलियों की गतिविधियों का पता लगाने और समुद्र की रासायनिक और भौतिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए समुद्र में मछली एकत्रीकरण उपकरणों (एफएडी) पर



उपकरण लगाने को लेकर बातचीत चल रही है। बता दें कि यह चर्चा एक साल से भी ज्यादा समय बाद हो रही है, जब जनवरी 2024 में चीन का शोध पोत, ृजियांग यांग होंग 03 मालदीव के जल क्षेत्र में डॉक किया था। मालदीव के मत्स्य पालन और महासागर संसाधन मंत्री अहमद शियाम ने चीन के दूसरे समुद्र विज्ञान संस्थान की एक वरिष्ठ टीम से मुलाकात की थी। बैठक के बाद।

# लेबनान के पुनर्निर्माण के लिए 11 बिलियन डॉलर की जरूरत, विश्व बैंक ने जताया अनुमान

**बेरूत ।** इस्राइल-हिजबुल्लाह युद्ध के बाद लेबनान के पुनर्निमाण को लेकर विश्व बैंक ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट जारी किया। इसके तहत दावा किया जा रहा है कि 14 महीने तक चले इस्राइल-हिजबुल्लाह युद्ध के बाद लेबनान के पुनर्निर्माण और पुनर्प्राप्ति की लागत 11 बिलियन डॉलर के आसपास होने का अनुमान है। इस रिपोर्ट में 8 अक्तूबर 2023 से लेकर 20 दिसंबर 2024 तक देश भर के 10 क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन किया गया है।




### लेबनान को लगभग 11 बिलियन डॉलर की जरूरत

रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान के पुनर्निर्माण के लिए 11 बिलियन डॉलर की जरूरत होगी, जिसमें से 3 से 5 बिलियन डॉलर को सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित करने की आवश्यकता होगी, जिसमें बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। जबकि 6 से 8 बिलियन डॉलर के लिए निजी वित्तपोषण की आवश्यकता होगी, जो मुख्य रूप से आवास, वाणिज्य, उद्योग और पर्यटन क्षेत्रों में लगेगा।

**विश्व बैंक की रिपोर्ट में नुकसान का आकलन :** संघर्ष के आर्थिक प्रभावों का आकलन करते हुए, विश्व बैंक ने बताया कि लेबनान की भौतिक संरचनाओं को 6.8 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ, जबकि उत्पादकता में कमी, राजस्व में गिरावट और परिचालन लागत के कारण 7.2 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि इस युद्ध के परिणामस्वरूप, 2024 में लेबनान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.1 प्रतिशत घट जाएगा, जबकि बिना युद्ध के यह 0.9 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद थी। इससे 2019 के बाद से लेबनान की जीडीपी में 40 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

बता दें कि यह संघर्ष 8 अक्टूबर 2023 को हिजबुल्लाह द्वारा रॉकेट दागे जाने के बाद शुरू हुआ था, जो दक्षिणी इस्राइल में हमास के नेतृत्व में एक घातक हमले के एक दिन बाद हुआ। इसके बाद इस्राइल ने लेबनान पर गोलाबारी और हवाई हमलों के साथ प्रतिक्रिया दी।

# गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल ने उमंग के साथ मनाया होली मंगल मिलन






















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल द्वारा वार्षिक अधिवेशन एवं स्थापना दिवस के अवसर पर होली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार तारा स्टील चौक लोहा मंडी गाजियाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन व महामंत्री अंबरीश जैन बंटू ने आए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, पूर्व महापौर अशु वर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेश राज शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, बालकिशन गुप्ता, सुभाष गुप्ता, सुबोध गुप्ता, अशोक अग्रवाल, अरुण कुमार शर्मा सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन गाजियाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मिशन शक्ति मेला आयोजित किया

## महिलाएं शक्ति स्वरूप, भारतीय संस्कृति में सदैव पूजनीय रहीं : राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, गीतांजलि वेलफेयर एजुकेशनल समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मिशन शक्ति मेला आई टी एस कॉलेज मोहन नगर के चाणक्य सभागार में भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कश्यप मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने उद्बोधन में महिलाओं और बालिकाओं के लिए केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं शक्ति स्वरुप है तथा भारतीय संस्कृति में सदैव इन्हे पूजा गया है। महिलाओं के सम्मान सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति, कन्या



सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, उज्ज्वला योजना, विधवा पेंशन योजना कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय योजना आदि यह सिद्ध करती हैं कि संपूर्ण प्रदेश ही नहीं पूरा देश महिलाओं के उज्जवल भविष्य के लिए प्रयासरत है। उन्होंने भारत की ख्याति प्राप्त महिलाओं का जिक्र करने के साथ-साथ समस्त उपस्थित जनों को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के लिए शपथ भी दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने मंत्री महोदय को शॉल पहना कर व मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मोदीनगर क्षेत्र की विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देकर कहा कि महिलाएं असीम शक्ति से परिपूर्ण हैं। हम जिस क्षेत्र में रहते हैं वहां महिलाएं अपने काम के लिए पुरुषों की सहानुभूति निर्भर नहीं करती, आज वह स्वयं वाहन चला सकती हैं धनोपार्जन करती हैं, और न केवल



अपने अधिकारों के लिए बल्कि अपने से जुड़े समाज के अधिकारों के लिए भी जागरूक और संघर्षशील हैं, उन्हें सहानुभूति नहीं सम्मान दिया जाना चाहिए।

कार्यक्रम की अतिथि डॉक्टर शिखा दरबारी चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर प्रयागराज ने महिला सशक्तिकरण की सांस्कृतिक प्रस्तुति की सराहना करते हुए शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे महत्वपूर्ण हथियार बताया। शिक्षा विकास को गति प्रदान करती है। उन्होंने गाजियाबाद के परिषदीय विद्यालयों की पांच पावर एंजेल को सम्मानित किया। डायरेक्टर सेंट जेवियर स्कूल विभा रावत ने कहा कि समय के साथ महिलाओं की स्थिति में भी बहुत सुधार आया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खोड़ा लोनी की छात्राओं ने गणेश वंदना, गढ़ी कटैया लोनी की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण नृत्य नाटिका, केजीबीवी मुरादनगर की छात्राओं द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रदर्शन, करेहड़ा विद्यालय की छात्राओं द्वारा योगमय दुर्गा स्तुति और रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम के अंत में बालिका शिक्षा के अंतर्गत प्रत्येक विकास खण्ड की जेंडर नोडल का सम्मान डॉ मंजू शिवाच द्वारा किया गया, जिनमें जनपद नोडल बालिका शिक्षा पूनम शर्मा एवं ब्लॉक जेंडर नोडल लता, प्रीति, मीनाक्षी, अतर सिंह, रेनू चौधरी, रेनू चौहान, मीना, अंशु सिंह, अंजू सैनी, कविता वर्मा, रेनू सुचिता अर्चना, आदेश मित्तल और ऋषि कुमार को सम्मानित किया गया।

जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा 7 महिलाओं को सिलाई मशीन तथा 20 समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

गीतांजलि वेलफेयर एजुकेशनल समिति की वंदना चौधरी द्वारा 15 महिलाओं को अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा के प्रत्येक विकासखंड द्वारा मीना मंच के अंतर्गत संचालित गतिविधियों को प्रदर्शित करती हुई स्टॉल लगाई गई इनमें जिला प्रवेश विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई गई। बेसिक शिक्षा के रजापुर ब्लॉक को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की ट्रॉफी प्रदान की गई। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल ने बताया कि प्रत्येक उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में बालिका शिक्षा के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा जीवन कौशल के बारे में सत्र संचालित किए जाते है, इन्हीं गतिविधियों पर आधारित यह मिशन शक्ति प्रदर्शनी लगाई गई है।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल जी, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव , प्रोबेशन विभाग से मनोज पुष्कर, नेहा वालिया, लोकेंद्र, खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार यमुना प्रसाद कविता चौहान महिमा दयाल और अभिषेक जी तथा जिला समन्वयक रुचि त्यागी, कुणाल मुद्गल,दिनेश पाल, इंस्पेक्टर किरण राज, विनीता त्यागी,काजल छिब्बर, नीलम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

# उत्तर प्रदेश में आईटी क्रांति की नई उड़ान

## नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट कैंपस का शिलान्यास एवं एआई डेटा सेंटर की शुरुआत

### माइक्रोसॉफ्ट और सिफी का डेटा सेंटर यूपी की तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाइयां देगा : सुनील कुमार शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में शनिवार को माइक्रोसॉफ्ट नोएडा कैंपस का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की, जिनके साथ प्रदेश के आईटी मंत्री सुनील कुमार शर्मा मौजूद रहे। माइक्रोसॉफ्ट का यह कैंपस न केवल नोएडा बल्कि पूरे उत्तर भारत के आईटी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह परियोजना प्रदेश के विकास और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

इसके साथ ही, हाल ही में गौतमबुद्ध नगर में ही उत्तर भारत के सबसे बड़े एआई सक्षम डेटा सेंटर का उद्घाटन भी किया गया। ग्ा८ क्ल्लक्ष्३ी रस्त्रीं२ छेर्३ी द्वारा स्थापित इस अत्याधुनिक डेटा सेंटर का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया, जिसमें आईटी मंत्री सुनील कुमार शर्मा भी शामिल रहे।




माइक्रोसॉफ्ट के नोएडा कैंपस और सिफी के एआई डेटा सेंटर का शुभारंभ उत्तर प्रदेश को तकनीकी विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है। ये दोनों परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन का साकार रूप हैं, जो प्रदेश में निवेश और नवाचार के नए आयाम स्थापित करेंगी।

आईटी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा, माइक्रोसॉफ्ट का यह बड़ा निवेश और सिफी का डेटा सेंटर उत्तर प्रदेश की तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। ये दोनों परियोजनाएं प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेंगी और बेहतरीन प्रतिभाओं को प्रदेश वापस लाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। इन ऐतिहासिक उपलब्धियों के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और आईटी मंत्री सुनील कुमार शर्मा के अथक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उत्तर प्रदेश अब देश का प्रमुख आईटी हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अपार






अवसर सृजित होंगे और प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नंदी, मुख्य सचिव मनोज सिंह आदि मौजूद रहे!

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह' कार्यक्रम आयोजित

### कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में एवं महानगर महिला मोर्चा संयोजिका डॉ उदिता त्यागी के दिशा निर्देशानुसार 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भाजपा महानगर की ओर से विजय नगर स्थित उत्सव भवन में 'महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज में महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली महिलाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही एनजीओ संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद रहे, कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष एवं शहर विधायक संजीव शर्मा, महानगर महिला मोर्चा संयोजिका डॉ उदिता त्यागी, सांसद अतुल गर्ग, प्रदीप चौधरी, सविता त्यागी, भक्ति सिंह चंदेला, दीप्ति अरोड़ा, सुषमा गंगवार, निशा चौहान, पूनम गुप्ता, शिरोमणि त्यागी, किरण सिंह, पायल खत्री, प्रमिला चौधरी, परमजीत, ममता जुगरान, उमा गोयल, मीना गांधी, शीतल अरोड़ा, सारिका शर्मा, निभा श्रीवास्तव, रजनी कश्यप, नीलम सिंह, पूनम सिंह पार्षद, सुमन सती, शिल्पा चौधरी पार्षद, देवनारायण शर्मा, राजेश चतुर्वेदी, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, नीरज चौहान, नेहा जैन, सीमा सिंह, देवनारायण शर्मा पार्षद, पवन शर्मा मंडल अध्यक्ष विजय नगर, प्रवीण पाठक, देवेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष, कविता सिरोही, शिल्पा जैन, रुचि गर्ग, दीप्ति चौहान, अजय चोपड़ा, छाया त्यागी पार्षद सहित सब उपस्थित रहे। सभी मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने इस महिला दिवस कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाया। साथ ही समाज में महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली कुछ महिलाओं को सम्मानित किया गया उनके नाम- रीमो सक्सेना, रीना त्यागी, नीलम श्रीवास्तव, निभा श्रीवास्तव, शिल्पा जैन, डॉ संगीता, मीता, डॉ रश्मि, डॉ स्मृति शर्मा, निशि त्यागी, कीर्ति शर्मा। कार्यक्रम की संयोजिका सुषमा गंगवार महानगर महिला मोर्चा मंत्री रहीं।

# संकल्प सिद्धि फाउंडेशन ने होली मिलन कार्यक्रम किया आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संकल्प सिद्धि फाउंडेशन द्वारा हर साल की भांति इस साल भी होली मिलन का कार्यक्रम राजनगर एक्सटेंशन में मनाया गया। सैकड़ों की संख्या में राज नगर एक्सटेंशन के तमाम निवासियों का आगमन हुआ। सुंदर-सुंदर गीतों की स्वर लहरी के साथ मिलना जुलना, एक दूसरे को गुलाल लगाना, गीत, कविता, चुटकुले, हास परिहास, खेल, मस्ती और उमंग का एक अविस्मरणीय माहौल हर साल बनता है, इस साल भी बना। कार्यक्रम की तैयारी में राजीव झा, कैप्टन गोपाल सिंह, सत्येंद्र श्रीवास्तव, देवेन्द्र चौबे, के के पांडेय, अतुल गुप्ता, संजय पांडे, गिरीश ठाकुर, बिंदु शेखर झा, सुरेंद्र मिश्रा, मनोज कुमार अग्रवाल आदि ने अपने भूमिका निभाई। अंतर्राष्ट्रीय महिला



दिवर्स होने के नाते रीता मिश्रा, अर्चना झा, निधि विश्वकर्मा, वंदना श्रीवास्तव, प्रतिभा राय, अदिति झा, कंचन बोहरा, कविता ठाकुर, रेणी अग्रवाल आदि ने संगीतमय प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को होली की मस्ती में डुबो दिया। महिला दिवस के अवसर पर यशोदा हॉस्पिटल, संजय नगर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महिलाओं के स्वास्थ्य के महत्व की प्रासंगिकता को बताते हुए अपनी बात कही और सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। रॉयल किड्स स्कूल, सेक्टर सात, राजनगर के व्यवस्थापको ने बच्चों के लिए चित्र प्रतियोगिता एवं ऐबेकस प्रतियोगिता कराकर एक सुंदर सा माहौल बनाया और सभी को पुरस्कृत किया। राजनगर एक्सटेंशन के फ्लैट ऑनर्स फेडरेशन, संस्कार भारती,



अजनारा मंदिर समिति, विभिन्न सोसाइटीज के ए ओ ए, विश्व नव मैथिल संघ, एयरफोर्स एसोसिएशन, फिट प्लस स्टूडियो, द हेयर परफेक्ट, सेवा भारती, पूर्वांचल मिथिलांचल संगम, एक्टिव ग्रीन आदि विभिन्न संस्थाओं के अधिकारियों और सदस्यों ने भी उपस्थित होकर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद संजीव त्यागी की भी उपस्थित रही। वहीं वार्ड 50 की पार्षद सुमन लता पाल भी उपस्थित होकर सबसे गले मिली। संकल्प सिद्धि फाउंडेशन का यह पंचम होली मिलन समारोह है और हर साल ऐसा कार्यक्रम होता रहता है।

## स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परासोली जोला बुढ़ाना में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा स्वतंत्रता सेनानी स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण करने के बाद जन सभा को संबोधित करने के लिए केन्द्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह मंच पर पहुंचे मंत्री जी के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, सभी विधायक गण तथा राष्ट्रीय लोकदल तथा बीजेपी के नेता गण भी मौजूद रहे। मंच पर उपस्थित सभी नेता गणों ने मंत्री के साथ-साथ किसानों के मसीहा भारत रत्न स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों की मंच द्वारा बताया गया। आई हुई जनता को बहुत ही भावुक पल था। सभी लोग नमन कर रहे थे। स्वर्गीय प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चरणों में और सरकार का आभार भी प्रकट किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेशनल स्किल्स एंड एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन फाउंडेशन, प्रखर फाउंडेशन, खेलो ग्रामीण और एस एस इंटरनेशनल स्कूल की मदद से 8 मार्च 2025 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमे लगभग 200 महिलाओं ने हिस्सा लिया और उनके जीवन को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सशक्त करना इस आयोजन के माध्यम से एक महत्वपूर्ण कदम उठाना है।

आयोजन कर्ता एन एस ई पी एफ से आशीष कुमार, अर्चना द्विवेदी, शिवराम सिंह, पारस वर्मा, अमन आर्यन, ऋतिक गोयल। एस एस इंटरनेशनल स्कूल से देवेंद्र (चेयरमैन), प्रोमिला (प्राचार्य), ममता, प्रखर फाउंडेशन से नमिता, छाया। खेलो ग्रामीण से गोविंद अग्रवाल आदि की उपस्थति में एस एस इंटरनेशनल स्कूल, अनिल विहार, खोरा, सेक्टर 62, नोएडा में किया गया।

# वैशाली में खाटू श्याम जी की निशान यात्रा का धूमधाम से हुआ आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर 2 शनिवार को क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद मनोज गोयल के तत्वावधान में श्याम सांवरिया सरकार की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। निशान यात्रा श्याम भक्त वैशाली सेक्टर 1, वैशाली सेक्टर 2 मदर डेयरी के आसपास के क्षेत्र में वैशाली सेक्टर 2 ए में जहां श्याम बाबा का जागरण का आयोजन किया गया वहां पर संपन्न हुई।

निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए और पदयात्रा की। क्षेत्र में भाव विभोर होकर लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान निशान यात्रा में बाबा की झलक पाने के लिए राहगीर भी लालायित हो रहे थे। श्री श्याम मंदिर में निशान चढ़ाते हुए भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन किए। इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर भक्तगण श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। साथ ही श्री श्याम जी की आकर्षक झांकी भी निशान यात्रा में निकाली गई। पद यात्रा कर निशान चढ़ाने को लेकर मान्यता यह रही है कि श्री श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है।

यह उनकी विजय का प्रतीक है, जिसमें उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान श्री कृष्ण को दे दिया था।

# रेडक्रॉस ने महिला दिवस पर किया नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से रेडक्रॉस ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सिहानी गांव में नेहरू युवा ग्रामीण महिला विकास संस्था द्वारा संगीता गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया। जिसका शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम बिश्नोई जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को महिलाओं को समर्पित करने के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की अध्यक्ष सुषमा गुप्ता की सौजन्य से 10 पात्र महिला क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली वितरित की गई तथा शिविर में जांच करने के लिए आई हुई सभी महिलाओं को मासिक धर्म सुरक्षा अभियान की कड़ी में सेनेटरी पैड भी प्रचुर मात्रा में वितरित किए गए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इस कड़ी को और मजबूत कर दिया गया जब इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की अध्यक्ष सुषमा गुप्ता व सुधा त्यागी के द्वारा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूनम बिश्नोई, टी.बी. पर्यवेक्षक दीपाली गुप्ता, सुमन लता पाल क्षेत्रीय पार्षद, संगीता दुबे कार्यक्रम की सूत्रधार, शिवानी सिंह एडवोकेट, मंजू सिंह समाजसेवी, डॉ. संजना, सुदेश, हिमांशी, रश्मि का अंग वस्त्र ओढ़ा कर व से सम्मान प्रशस्ति पत्र भेंट करके अभिनंदन किया। पूनम विश्नोई का स्वागत रेड क्रॉस गाजियाबाद सभापति सुभाष गुप्ता व डी. सी. बंसल द्वारा सम्मान प्रतीक भेंट करके किया।

इस अवसर पर पूनम बिश्नोई ने इनर व्हील क्लब, रेड क्रॉस, शिविर आयोजकों, चिकित्सा मंडल तथा सभी स्वास्थ्य सहयोगियों की मुक्त



कंठ से प्रशंसा की। शिविर में बहुत सुंदर प्रबंध रहा जहां सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध थी। मोबाइल एक्स-रे मशीन भी टी. बी. स्क्रीनिंग हेतू उपलब्ध रही।

रेड क्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता ने वार्ता में बताया कि रेड क्रॉस गाजियाबाद अपने अध्यक्ष दीपक मीणा आईएएस की प्रेरणा से ही सब काम कर रहा है। हम सब मिलकर वह काम कर रहे हैं जो आने वाली पीढ़ी हमेशा याद रखेगी। हम रहे ना रहे लेकिन जो काम हम कर रहे हैं वह हमेशा याद किया जाएगा।

## महिला दिवस पर काईट कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर सम्मानित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** काईट कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर और उजाला समिति की अध्यक्ष डॉ नीलम शर्मा द्वारा जिला गाज़ियाबाद के समस्त ब्लॉकों में बालिका शिक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने आदि विभिन्न क्षेत्रों में जैसे स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, आदि क्षेत्रों में सराहनीय कार्यों के लिए 8 मार्च 2025 को महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत आई.टी.एस कॉलेज में हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रोग्राम में डॉ मंजु शिवाच (विधायक मुरादनगर) द्वारा सम्मानित किया गया। समिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के 23 से ज्यादा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय गोद लिए हुए हैं। उन सभी स्कूलों के बच्चों को शिक्षा सामग्री, खेलकूद का सामान, देने के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की गरीब बेटियों की फीस देकर शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ा रही हैं।

**महिला सम्मान**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महिला दिवस के अवसर पर महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेता रेखा मकवाना को महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौधरी ने शॉल पहन कर और पग पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष विनीत अजमानी, अशोक मकवाना, ऋषि राणा आदि मौजूद रहे।

# पशु चोर गिरोह का खुलासा, 5 शातिर अपराधी गिरफ्तार, चोरी के पशु और हथियार बरामद

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हाफिजपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में पशु चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 2 अवैध चाकू, एक छोटा हाथी वाहन, 3 चोरी की भैंस और 2 भैंस के बच्चे बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक ये लोग दिन में रैकी करते और रात में पशु चोरी करते थे। चोरी के पशुओं को पैंठ में बेचकर मुनाफा कमाते थे। पकड़े गए आरोपियों में सैफ अली खान (हापुड़), अरमान उर्फ फरमान (बुलंदशहर), बबलू (अलीगढ़), वसीम (बुलंदशहर) और अदनान (हापुड़) शामिल हैं। ये सभी अब गाजियाबाद में रह रहे थे। एसपी केजी सिंह ने बताया कि ये शातिर अपराधी हैं। इनके खिलाफ हापुड़, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में चोरी, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट के करीब 24 मामले दर्ज हैं। अकेले अरमान पर 14







मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

# इंदिरापुरम साया जेनिथ सोसायटी में महिला दिवस कार्यक्रम हुआ आयोजित

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम की साया जेनिथ सोसायटी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे महिला सशक्तिकरण एवं समाज हित मे प्रशंसनीय कार्य कर रही महिलाओं को 'नारी शक्ति सम्मान' देकर सम्मानित किया गया। इंदिरापुरम महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विन्दा चावड़े, अध्यक्ष नमिता जैन ने कहा कि महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिलाएं कमजोर नहीं सशक्त हैं। महिलाओ के लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है और अपनी असाधारण उपलब्धियों से समाज एवं राष्ट्र को गौरवान्वित कर रही है। इसमें सन्देह नहीं कि आने वाला कल महिलाओं का होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष नमिता जैन, स्वाति रॉय, सुलभ जैन, लिपिका, रुचि गुप्ता, नीरज बेरी





, डॉक्टर रुम्पा, अंजना आदि महिलाएं मौजूद रहीं।